राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

डिजिटल अर्थव्यवस्था का 2028–29...5



दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

सोमवार, 27 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 68 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## राहुल गांधी ने बताया– 52 साल से मेरे पास घर नहीं, अडाणी मामले को लेकर भी दिया बयान

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस का 85वां अधिवेशन चल रहा है। इस अधिवेशन के अंतिम दिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अडाणी समूह को लेकर हमला किया और कहा कि जब तक इस मामले की सच्चाई सामने नहीं आती तबतक कांग्रेस पार्टी सवाल पूछना बंद नहीं करेगी।

उन्होंने पार्टी के 85वें अधिवेशन में संबोधन के दौरान आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडाणी एक ही हैं। राहुल गांधी ने भविष्य में भारत जोड़ो यात्रा की तरह के किसी अन्य कार्यक्रम का संकेत देते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तपस्या का कार्यक्रम बनाएं, उसमें सभी लोग शामिल होंगे। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि कांग्रेस के लोग सत्याग्रही हैं, जबकि



भाजपा–आरएसएस के लोग सत्ताग्रही हैं। राहुल गांधी ने अडाणी मामले का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि अडाणी और मोदी एक ही हैं और पूरा धान एक ही व्यक्ति के पास जा रहा है। उन्होंने कहा, संसद की कार्यवाही से हमारी बातों को हटा दिया गया. .हम सवाल पूछते रहेंगे। हम एक बार नहीं, हजार बार सवाल पूछेंगे। जब तक अडाणी जी की सच्चाई नहीं सामने आएगी तब तक सवाल पूछते रहेंगे।'' राहुल गांधी ने महाधिवेशन में कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने श्रीनगर में भाजपा के महज 15–20 लोगों के साथ तिरंगा फहराया था, लेकिन हमने कश्मीर के लाखों युवाओं के जरिये तिरंगा फहराया। उन्होंने चीन के संदर्भ में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के एक बयान का हवाला देते हुए कहा, ''जो आपसे कमजोर है उससे ही लड़ोगे तो इसे कायरता कहा जाता है, यह राष्ट्रवाद नहीं है।

### कश्मीर को लेकर साधा निशाना

राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि इस यात्रा के दौरान देश की जनता का भरपूर प्यार मिला। हमने देश की भावना, तिरंगे की भावना जम्मू कश्मीर के युवाओं में डाली है। जबकि पीएम ने तो झंडे की भावना ही वहां के युवाओं से छिन ली है। तिरंगा दिल की भावना है, जिसे हमने युवाओं के दिल में जगाया है। वे हमारे साथ आए और तिरंगा लेकर चले।

### महसूस किया सबका दर्द

उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में लाखों लोग साथ जुड़े। हमने इस यात्रा के जरिए सभी को गले लगाया और उनका दर्द महसूस किया। उन्होंने कहा कि हम प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक रहे मगर 52 सालों में हमारे पास घर भी नहीं है। हमारे परिवार का जो घर है वो इलाहाबाद में है और वो भी हमारा नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं जहां रहता हूं वो मेरे लिए घर नहीं है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जब मैं कन्याकुमारी से निकला तो मैंने खुद से सवाल किया कि मेरी जिम्मेदारी क्या बनती है। मैं भारत को समझने के लिए निकला हूं जहां लाखों लोग मेरे साथ है।

## कभी लचर कानून व्यवस्था के लिए जाना जाने वाला उत्तर प्रदेश अब तेजी से तरक्की कर रहा: मोदी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के कानून–व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश माफियाओं और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से जाना जाता था, लेकिन आज इसकी पहचान बेहतर कानून व्यवस्था और तेज गति से विकास की ओर अग्रसर राज्ध्य के रूप में होती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है। उत्तर प्रदेश में चयनित 9,055 पुलिस उप निरीक्षकों, प्रादेशिक सशस्त्र बल (पीएसी) के प्लाटून कमांडर और अग्निशमन अधिकारियों को लखनऊ में मुख्ध्यमंत्री योगी आदित्ध्यनाथ द्वारा बांटे जा रहे नियुक्ति पत्र समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्ध्द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश के माध्ध्यम से कहा,



''एक समय था जब उत्तर प्रदेश माफियाओं और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से जाना जाता था, लेकिन आज इसकी पहचान बेहतर कानून व्यवस्था और तेजी से विकास कर रहे राज्ध्य के रूप में होती है।'' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड किया हुआ वीडियो संदेश सुनाया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एवं अन्य ने हिस्सा लिया। मोदी ने कहा कि यह अवसर 9,000 से अधिक परिवारों के चेहरे पर खुशी लेकर आया है और कहा कि इस नयी भर्ती से राज्य पुलिस बल और मजबूत होगा। मोदी ने कहा, ''मुझे बताया गया कि 2017 से जब से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार आयी है, अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस में डेढ़ लाख से ज्यादा नयी नियुक्तियां हुई हैं। यानी भाजपा के शासन में रोजगार और सुरक्षा दोनों में बढ़ोतरी हुई है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम सब जानते हैं कि जहां भी कानून व्ध्यवस्ध्था मजबूत होती है, वहां रोजगार की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जहां सुरक्षित माहौल बनता है, निवेश बढ़ने लगता है।'' मोदी ने कहा, ''इन दिनों रोजगार मेला मेरे लिए एक विशेष कार्यक्रम बन गया है। कई महीनों से मैं देख रहा हूं कि हर सप्ताह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित किसी न किसी राज्ध्य में रोजगार मेले हो रहे हैं। हजारों नौजवानों को रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मुझे उसमें साक्षी बनने का अवसर मिल रहा है।'' प्रधानमंत्री ने चयनित अभ्ध्यर्थियों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा, ''आज जिन्ध्हें नियुक्ति पत्र मिला है, उन्ध्हें एक बात का हमेशा ध्ध्यान रखना चाहिए कि आपके जीवन में नयी जिम्मेदारी, नयी चुनौतियां, नये अवसर आने वाले हैं, रोज नया अवसर आपके लिए इंतजार कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''मैं व्यक्तिगत रूप से उत्तर प्रदेश के सांसद के तौर पर कह रहा हूं, भले आपको नियुक्ति पत्र मिला है, आपके नये जीवन की शुरुआत हुई है, लेकिन अपने भीतर के विद्यार्थी को कभी मरने मत देना। हर पल नया सीखना। क्षमता बढ़ाना है।'' उत्तर प्रदेश में वाराणसी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले मोदी ने ऑनलाइन शिक्षा के साधनों का जिक्र करते हुए कहा कि अब तो ऑनलाइन शिक्षा के काफी साधन उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''आपके प्रगति के लिए जरूरी है कि अपने जीवन को रुकने मत दीजिए। जीवन भी नयी ऊंचाइयों को पार करता चलें, इसलिए योग्यता को बढ़ाना है।

## विपक्षी दलों से भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की उम्मीद : प्रियंका गांधी वाद्रा

नवा रायपुर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को यहां कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों को भारतीय जनता पार्टी की विरोधी सभी पार्टियों से एकजुट होकर लड़ने की उम्मीद है, लेकिन



सबसे ज्यादा उम्मीद कांग्रेस से है। उन्होंने पार्टी के 85वें महाधिवेशन में यह टिप्पणी की। प्रियंका गांधी ने कहा, "चुनाव में एक साल बचे हैं...जितनी पार्टियां हैं, जिनकी विचारधारा इनसे (भाजपा) विपरीत है, उनसे उम्मीद है कि एकजुट होकर लड़े, लेकिन सबसे ज्यादा उम्मीद कांग्रेस से है।" उन्होंने कहा कि संगठन को लेकर कई चुनौतियां है जिनसे निपटना है और गांव–गांव तक जाकर लोगों से मिलना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी का संदेश और सरकार की 'विफलताओं' को लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' से कांग्रेस की विचारधारा की लंबी लकीर खींचकर दिखाई है।

## कांग्रेस की चुनौतियों पर बोले अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

### कहा- अनुशासन और एकता से इनसे पीछा छुड़ाना संभव

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि मौजूदा समय में पार्टी के समक्ष कई चुनौतियां हैं जिनसे निपटने के लिए एकता, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की जरूरत है। पार्टी के 85वें महाधिवेशन के समापन पर उन्होंने यह भी कहा कि यह नयी कांग्रेस का आगाज है। खरगे ने माना कि पार्टी के समक्ष आज तमाम चुनौतियां हैं, लेकिन उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि ऐसी कोई चुनौती नहीं है जिसका कि समाधान कांग्रेस नहीं निकाल सकती। इसके लिए खरगे ने एकता, अनुशासन और दृढ संकल्प को जरूरी बताया। उन्होंने कहा, पार्टी की ताकत में ही हमारी ताकत है। हम जो आचरण राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे उसका संदेश हमारे करोड़ों साथियों तक हर स्तर पर जाएगा।'' खरगे ने नफरत फैलाने वाली विचारधारा का मजबूती से मुकाबला करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार जो गलतियां करती है, उसे हम बताते रहेंगे, डरेंगे नहीं।



## सीबीआई हेडक्वार्टर के आसपास लगी धारा 144, गोपाल राय समेत कई नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति के मामले में



सीबीआई दफ्तर में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से पूछताछ की जा रही है। वहीं आम आदमी पार्टी के नेता इस पूछताछ का विरोध कर रहे है। इस मामले को लेकर दिल्ली में स्थित सीबीआई मुख्यालय के बाहर आम आदमी पार्टी के कई नेताओ ने धरना देना शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने इन नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है।

दिल्ली पुलिस ने जहां दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय को हिरासत में लिया है। उनके अलावा सांसद संजय सिंह, विधायक कुलदीप कुमार, दिल्ली पांडेय और मेयर शैली ओबेरॉय को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक दयाल सिंह कॉलेज के पास, गोल्फ कोर्स के पीछे रोक दिया गया है। आप पार्टी के नेताओं ने अपील की कि सभी क्रांतिकारी साथी जल्द से जल्द शांतिपूर्वक दयाल सिंह कॉलेज, गोल्फ कोर्स पर पहुँचें। बता दें कि दयाल सिंह कालेज के पास आप के विधायक, पार्षद व अन्य समर्थक सड़क पर बैठ गए है। वहीं मौके पर भारी पुलिस बल तैनाती है। पुलिस की तरफ से 5 मिनट के अंदर जगह खाली नहीं करने पर आप समर्थकों को कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी जिसके बाद अब आप समर्थकों व नेताओ को नजदीकी पुलिस थाने ले जाने की कार्रवाई की गई है। बता दें कि मनीष सिसोदिया से हो रही पूछताछ के विरोध में कार्यकर्ता मनीष के समर्थन में पोस्टर लेकर गए थे। पोस्टर पर लिखा दिखा कि, मैं और मेरा परिवार मनीष सिसोदिया के साथ है। बता दें कि मनीष सिसोदिया से पूछताछ के दौरान कई नेता भी सीबीआई दफ्तर पहुंचे और दफ्तर के बाहर घरना देना शुरू कर दिया था।

धारा 144 लागू की गई

बता दें कि दिल्ली पुलिस ने मनीष सिसोदिया के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों को देखते हुए दक्षिण दिल्ली के जिले में धारा 144 लागू कर दी थी। आधिकारिक आदेश के मुताबिक कानून–व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई कार्यालयों की ओर रास्ता प्रवर्तित किया गया।

## पुलवामां में कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या

### इस आतंकी संगठन ने ली जिम्मेदारी

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों ने रविवार को कश्मीरी पंडित को फिर से निशना बनाया और युवक की हत्या कर दी। आतंकियों ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में इस घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में मारे गए कश्मीरी पंडित की पहचान दक्षिण कश्मीर के जिले में अचन इलाके के निवासी संजय शर्मा के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक आतंकियों ने 40 वर्षीय संजय शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। कश्मीर जोन



की पुलिस ने ट्विटर पर लिखा, ''आतंकवादियों ने पुलवामा में अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित अचन निवासी काशीनाथ शर्मा के बेटे संजय शर्मा पर गोली चला दी। घटना के वक्त वह स्थानीय बाजार जा रहे थे।'' जानकारी के अनुसार गोली लगने के बाद संजय शर्मा को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। बता दें कि संजय अचन के निवासी काशी नाथ पंडित के बेटे थे। उन पर आतंकियों ने रविवार सुबह गोलियां बरसाई। संजय बैंक में सुरक्षा गार्ड का काम करते थे। इस घटना के बाद से ही इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने बताया, ''उनके गांव में सशस्त्र बल की तैनाती की गई है। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक घटना के बाद पुलिस मुस्तैद हो गई है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है।




## ओवैसी ने उद्धव और पवार पर साधा निशाना, कहा- जरूरत पड़ने पर नहीं दिया मुस्लिमों का साथ

ठाणे। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम युवाओं से आह्वान किया कि वे देश में अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए मजबूत ताकत बनकर उभरें। उन्होंने इसके साथ ही उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि इन नेताओं ने जरूरत के समय मुस्लिम समुदाय का साथ नहीं दिया। ओवैसी महाराष्ट्र के ठाणे जिले स्थित मुंब्रा इलाके में शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेधन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के युवाओं से सवाल किया, ''अगर अजित पवार, सुप्रिया सुले, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस नेता बन सकते हैं तो आप क्यों नहीं?'' ओवैसी ने कहा कि एआईएमआईएम की स्थापना 65 साल पहले कुछ मुट्ठी भर लोगों ने की थी और कुछ लोग ही उसकी बैठकों में शामिल होते थे लेकिन अब यह संख्या हजारों में जा चुकी है। उन्होंने कहा, ''हमारी मौजूदगी संसद, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों में है और यह लगातार बढ़ रही है। युवाओं को चाहिए कि वे चुनाव के जरिये प्रशासन में जाने की भी कोशिश करें।'' ओवैसी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आएं, एआईएमआईएम को मजबूत बनाएं और मुस्लिमों एवं दलितों के अधिकारों के लिए लड़ें। ओवैसी ने



शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए जानना चाहा कि ''जब हमारे (मुस्लिम) समुदाय के सदस्यों का उत्पीड़न हो रहा था तब वह चुप क्यों थे।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के लिए एआईएमआईएम का समर्थन चाहते हैं। ओवैसी ने आरोप लगाया, ''लेकिन, संकट के समय जब मुस्लिम समुदाय को समर्थन की जरूरत होती है तो वह भूल जाते हैं, वह कभी आगे नहीं आए, हमें अपने नसीब पर छोड़ दिया। यह किस तरह की धर्मनिरपेक्षता है?'' उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि उसके नेताओं को ''भारत जोड़ो यात्रा'' और अन्य गतिविधियों के लिए समय है लेकिन भीड़ हिंसा और अन्य घटनाओं में मारे गए लोगों के परिवारों से मिलकर संवेदना व्यक्त करने के लिए समय नहीं है। ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी उन सीटों पर 'शेर' उम्मीदवार उतारेगी जिसे वे (विरोधी) अपना गढ़ होने का दावा करते हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, ''आप सभी को पैसे के बल पर नहीं खरीद सकते, हमारे पास अब भी कुछ लोग हैं जो हमारे प्रति निष्ठा रखते हैं और उनके साथ हम आपको हराएंगे।

# वन अधिकार आंदोलन समिति की मासिक बैठक संपन्न

बहराइच। वन अधिकार आंदोलन बहराइच की मासिक बैठक सेवार्थ फाउंडेशन कार्यालय गिरजा पुरी में हुई।जिसकी अध्यक्षता शंकर सिंह ने की। उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिन्दुस्तानी ने कहा कि हमारे वन क्षेत्र के ग्राम अंधेरे से प्रकाश की ओर बढ़ रहे हैं और जंगल की बंद गुफा से बाहर आ रहे हैं। एक और जहां सांसद के सहयोग से हमारे वन क्षेत्र को देश प्रदेश की राजधानी उसे जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है वही दूसरी ओर क्षेत्रीय विधायक के प्रयास से गांवों, गलियों को रोशन करने के लिए स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं। अब वन विभाग का रवैया वन निवासियों के प्रति सकारात्मक होता जा रहा है और इस पहल का श्रेय जिलाधिकारी बहराइच डॉक्टर दिनेश चंद्र तथा प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप वधावन को जाता है। हमारे नव सृजित राजस्व ग्रामों को वन्य जीवों के हमले से सुरक्षित बनाने के तथा उनमें शौचालय सहित तमाम सुविधाएं देने के लिए वन विभाग कार्ययोजना निर्माण कर रहा है। हम सभी को तमाम पुराने गिले शिकवे दूर करते हुए वन, वन संपदा, वन्यजीव संरक्षण में पुरजोर सहभागिता करनी चाहिए। बैठक को सम्बोधित करते हुए वन अधिकार आंदोलन की महिला शाखा प्रमुख व पूर्व प्रधान कान्ति देवी ने कहा कि अभी हमारे क्षेत्र के लोगों को महिलाओं से जुड़ी सरकारी योजनाओं को लागू कराने तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य करने की जरूरत है। वनाधिकार आंदोलन के सचिवः रामेश्वर ने कहा कि बहुत से लोग वन अधिकार कानून 2006 के तहत अभी दावेदारी नहीं कर पाए हैं और जिनके दावे उपखंड अथवा जिले स्तर पर सुनवाई हेतु लंबित हैं उनपर क्या सुनवाई की गई ,इसकी जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही है। हमें प्राथमिकता के आधार पर इस पर काम करने की जरूरत है। राम निवास ने वन टांगिया ग्राम महबूबनगर को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने संबंधी पत्रावली के बारे में जानकारी प्राप्त करने हेतु मुददा उठाया और शासन से सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना लेने की बात रखी। इस बैठक को राम समुझ मौर्य, केशव सिंह,सूर्य देव, पांचू, सौदागर सिंह, रामनरेश,सीमा देवी आदि ने संबोधित किया।

# कैसरगंज क्षेत्र को मिली कैटल कैचर वाहन की सौगात

बहराइच। जनपद बहराइच में निराश्रित गोवंशों, दुर्घटनाग्रस्त बड़े पशुओं के परिवहन हेतु जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा द्वारा विधि विधान के साथ संयुक्त रूप से प्रमुख कैसरगंज संदीप कुमार सिंह बिसेन, उप जिलाधिकारी कैसरगंज महेश कुमार कैथल सहित क्षेत्रीय गणमान्य एवं संभ्रान्तजनों की उपस्थिति में कैसरगंज ब्लाक मुख्यालय प्रांगण से क्षेत्र पंचायत कैसरगंज द्वारा उपलब्ध करायी गयी कैटल कैचर मल्टी पर्पज वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि प्रदेश में निराश्रित गोवंशों का संरक्षण एवं संवर्द्धन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वाहन की उपलब्धता से जिले में विशेषकर विकास खण्ड कैसरगंज में निराश्रित, बेसहारा एवं छुट्टा गोवंशों के संरक्षण में उपयोगी होगा।

# डीएम और एसपी की मौजूदगी में होली के मद्देनजर थानों पर सम्पन्न हुई पीस कमेटी की बैठक

बहराइच। जिले के थाना जरवल, कैसघ्रगंज व फखरपुर परिसर में होली व शब–ए–बारात त्यौहार के मद्देनजर आयोजित पीस कमेटी की बैठकों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने कहा कि पर्व दिलो को जोड़ने का काम करते है। इसलिए हमें सभी पर्व आपसी भाई चारे व सौहार्द के साथ मिलजुलकर मनाना चाहिए। होली का पर्व सन्निकट है। होली खेलते समय एक दूसरे की भावनाओ का सम्मान करें। अफवाहों पर ध्यान न दे। अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। डीएम व एसपी ने कहा कि होली के पर्व को हर्षोउल्लास के साथ मनाए। किसी प्रकार के नशे का सेवन न करे। किसी गांव में अगर होली के पर्व को लेकर कोई समस्या हो तो पहले ही प्रशासन को अवगत कराएं ताकि समस्या का समय से समाधान कराया जा सके। होलिका दहन के दौरान किसी के फसल को नुकसान न पहुंचे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रधानों का आहवान किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशासनिक तन्त्र का प्रतिनिधि मानते हुए जो भी छोटी–मोटी समस्याएं हैं उसे जिला प्रशासन के संज्ञान में लायें ताकि समय रहते उनका समाधान कराया जा सके। सभी लोगों से अपेक्षा की गयी कि पूर्व की भांति सूझ–बूझ का परिचय देते हुए आसन्न त्यौहारों को भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। डीएम व एसपी ने वरिष्ठ नागरिकों से अपेक्षा की कि समाज के लोगों विशेषकर युवाओं को संयमित व्यवहार करने के लिए प्रेरित करें। डीएम व एसपी ने लोगों को आश्वस्त किया कि त्यौहारों के अवसर पर बिजली, पानी, साफ–सफाई के साथ–साथ गुड पुलिसिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। जिला प्रशासन पूरी तरह से तटस्थ व निष्पक्ष रहते हुए कार्यवाही करेगा। थाना फखरपुर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक के दौरान पब्लिक ऐप्रूअल सिस्टम में थाना फखरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर डीएम व एसपी ने एसओ वेद प्रकाश शर्मा को सम्मानित किया। इसके अलावा मौजूद लोगों को डीएम द्वारा नशीले पदार्थो का सेवन न करने का संकल्प भी दिलाया गया।

बैठक के दौरान क्षेत्रीय धर्मगुरूओ, गणमान्य एवं संभ्रान्तजनों द्वारा बिजली, पानी, साफ–सफाई इत्यादि के सम्बंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी महेश कुमार कैथल, सीओ कैसरगंज, कमलेश कुमार सिंह, तहसीलदार अजय यादव, थानाध्यक्ष दद्न सिंह, थाना कैसरगंज में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में प्रमुख कैसरगंज सन्दीप सिंह विसेन, नायब तहसीलदार अलपिका वर्मा, मण्डल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह सहित क्षेत्रीय गणमान्य एवं संभ्रान्तजन प्रभात सिंह, डॉ अरविंद सिंह, भगवान दास सोनी, मौलाना खालिद, कौशलेंद्र चौधरी, अरसद राईस, मो. कलीम, झब्बर यादव व अन्य थाना जरवलरोड में आयोजित पीस कमेटी की बैठक के दौरान थानाध्यक्ष जरवलरोड राजेश कुमार सिंह, संजय राव, पवन वर्मा, प्रदीप जायसवाल, विनोद शुक्ला, प्रमोद गुप्ता, कमाल खां, असलम, अबू सहमा, रोहित सिंह व अन्य थाना फखरपुर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक के दौरान प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिंह मुन्ना, क्षेत्रीय गणमान्य एवं संभ्रान्तजन, प्रदीप पाण्डेय, सीताराम पाण्डेय, मान सिंह सहित धर्मगुरू तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## डीआईजी देवीपाटन मंडल व पुलिस अधीक्षक ने 123 उपनिरीक्षक को वितरित किया नियुक्तिपत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ



द्वारा वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित 9,055 उ0नि0 नागरिक पुलिस, प्लाटून कमाण्डर पीएसी एवं अग्निशमन के द्वितीय अधिकारीयों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिरीक्षक उपेन्द्र अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने जिला पंचायत सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस में देवीपाटन परिक्षेत्र से चयनित 123 उ0नि0 नागरिक पुलिस (गोण्डा से 61, बलरामपुर से 20, बहराइच से 32, श्रावस्ती से 04) व 6 प्लाटून कमाण्डर पीएसी को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया जिसमें 11 महिला उ0नि0ध्प्लाटून कमाण्डर सम्मलित है। चयनित उपनिरीक्षकध्प्लाटून कमाण्डर को नियुक्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी।इस कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी मनकापुर, पी0आर0ओ, प्रतिसार निरीक्षक, प्रधानलिपिक व पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, देवीपाटन परिक्षेत्र से आये 109 चयनित उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

## श्री चंडी महायज्ञ का आयोजन संगीतमय कथा का दूसरा दिन जुटे भक्तगण

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया गोंडा। झंझरी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भमैचा में ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों के सहयोग से श्री चंडी महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है यह कार्यक्रम क्षेत्रवासियों एवं गांव वासियों जो सहयोग से कराया जा



रहा है जिसका आज दूसरा दिन है। दूसरे दिन क्षेत्र तथा दूरदराज के लोग यहां पर पहुंचे और पूजा–अर्चना की तथा प्रसाद ग्रहण किया यह जानकारी देते हुए इस कार्यक्रम के प्रबंधक शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि ग्रामसभा भमैचा में काफी दिनों से क्षेत्र के लोग श्री चंडी महायज्ञ करवाने की मांग कर रहे थे। इसी को देखते हुए यहां पर नौ दिवसीय उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई और दूसरे दिन पूजा अर्चना के साथ संगीतमय कथा के माध्यम से विभिन्न भक्ति कार्यक्रम हुए। इस महायज्ञ में अयोध्या सहित अन्य जगह से पंडित बुलाए गए हैं जो अपने कथाओं के माध्यम से लोगों को विभिन्न देवी–देवताओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक कर रहे हैं।

## इंटरमीडिएट कॉलेज में विद्यालय संस्थापक की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा शिवदयाल गंज। जंग बहादुर लाल बनवारी लाल इंटर कॉलेज रीवां में विद्यालय संस्थापक स्वर्गीय जंग बहादुर लाल जी की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई इस विद्यालय का निर्माण 26.2.1973 में रीवा गांव में श्री संस्थापक जी द्वारा स्थापित कराया गया था जब क्षेत्र के आसपास कोई विद्यालय स्थापित नहीं था क्षेत्र के लोगों का मानना है अगर यह विद्यालय ना होता तो शायद लड़के लड़कियां शिक्षा ग्रहण ना कर पाते विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया गया कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य पुनीत श्रीवास्तव ,बाल स्वामी अवधेंद्र दास जी ,भरत नादान, अभिषेक श्रीवास्तव, आनंद स्वरूप श्रीवास्तव, व विद्यालय के अध्यापक गण कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## रोग से मुक्त दिलाना हमारी प्राथमिकता:डॉ पल्लवी सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच/गोण्डा । उक्त बातें डॉ पल्लवी सिंह प्राकृतिक चिकित्सक लखनऊ के द्वारा आज रघु बाबा आरोग्य संस्थान घूचुवा पर चौराहे पर मरीजों के परीक्षण के बाद कही उन्होंने बताया कि आज के समय में एलोपैथिक डॉक्टरों के द्वारा मरीजों में बीपी शुगर कोलस्ट्रोल लिवर फैटी कैंसर शरीर में गांठ इलाज पर लाखों रुपए खर्च करा रहे और मरीजों को डर दिखाकर उनके परिवार वालों का मानसिक व आर्थिक शोषण करते हैं अब समय आ गया है कि ऐसे एलोपैथ डॉक्टरों के बहकावे में मरीजों को नहीं आना चाहिए क्योंकि एलोपैथ में इसका कोई समाधान नहीं और जब एक बार दवाइयां शुरू हो गई तो उसको पूरी जिंदगी दवाइयों के ही सहारे रहना पड़ेगा इस से अच्छा है कि मरीजों व मरीजों के परिवार वालों को प्राकृतिक चिकित्सा व आयुर्वेद में अटूट विश्वास करके अपने परिजनों का इलाज कराना शुरू करें जिससे उन्हें मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान ना होना पड़े और मरीजों को रोगों से निजात मिल सके अब हमारे देश की केंद्र व राज्य सरकारें भी आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# भाजपा किसान मोर्चा गोंडा के द्वारा किसान संगोष्ठी एवं सहभोज का कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा भाजपा किसान मोर्चा गोंडा के द्वारा श्री अन्न (मोटा अनाज) पर किसान संगोष्ठी एवं सहभोज का कार्यक्रम उद्यान विभाग परिसर गोंडा में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप,सूर्य नारायन तिवारी निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा, अकबाल बहादुर तिवारी, रमाकांत तिवारी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पं दीन दयाल उपाध्याय, और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।मुख्य अतिथि ने किसानों को जैविक और गौ आधारित प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया और बिना कीटनाशक और रासायनिक खाद के मोटा अनाज उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज जैविक खेती से उत्पादित करने पर और भोजन में उनका उपयोग करने पर स्वतः ही तमाम तरह के रोग खत्म हो जाएंगे। विशिष्ट अतिथियों ने जैविक और प्राकृतिक खेती के लाभ बताए और मोटे अन्न उपजाने तथा गौ पालन करने पर जोर दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विद्या भूषण



द्विवेदी ने आए हुए सभी अतिथियों और किसानों का धन्यवाद दिया और किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रशिक्षण दिलाने और सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा सहयोग करने का आश्वासन दिया और कार्यक्रम का समापन किया। जिला मीडिया प्रभारी शिवांशु मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे जिले में ऐसे ही भाजपा किसान मोर्चा निरंतर संगोष्ठी और सहभोज के माध्यम से किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक करेगी।कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता, किसान एवं पदाधिकारीगणदृके के श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेता, आशीष त्रिपाठी जिला महामंत्री भाजपा, संदीप पांडे प्रभारी किसान मोर्चा,देव नारायण मिश्र जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा, सुरेन्द्र सिंह, वैभव सिंह,श्याम किशोर मिश्र, सचिन वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, उपेंद्र सिंह कृषि वैज्ञानिक गोंडा, रवि दूबे जिला मंत्री किसान मोर्चा, दुर्गेश गुप्त जिला कोषाध्यक्ष, श्रीमती ऊषा तिवारी कार्यसमिति सदस्य,अभिषेक त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष पहाड़ापुर, रवि प्रकाश तिवारी, पवन सिंह,ब्रह्म दत्त द्विवेदी, बिंदेश्वरी वर्मा, सिपाही लाल गोस्वामी, आशीष सिंह, श्री चंद्र तिवारी, राम दल शुक्ल, सालिक राम, बसंत लाल शर्मा, आलोक तिवारी, शिव बक्श सिंह, सूरज सिंह, दिनेश तिवारी, अनुराग मिश्र, राजेश शुक्ल, श्री चंद्र मौलि मिश्र,सोनू पाठक, जर्नादन सिंह, जय प्रकाश तिवारी, अनिल पांडेय, शिव चंद सिंह आदि।


**कार्यालय : खण्ड शिक्षा अधिकारी खुनियांव**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

**जर्जर भवन नीलामी सूचना**

**सर्वसाधरणा को सूचित किया जाता है कि विकासखण्ड खुनियांव के निम्न जर्जर भवन की नीलामी होनी है–**

**1.प्राथमिक विद्यालय हिंलगी नानकार, मूलभवन––रू0 42707/– मात्र**
**2.प्राथमिक विद्यालय मैनिहवा ,मूल भवन ––रू0 68835/– मात्र**
**3.प्राथमिक विद्यालय दुबामल तिवारी ,मूल भवन ––रू0 6615/– मात्र**
**4.प्राथमिक विद्यालय दुबामल तिवारी,2अतिरिक्त कक्ष रू0 30057/– मात्र**
**5.प्राथमिक विद्यालय दुबामल तिवारी,1 अतिरिक्त कक्ष रू0 9427/– मात्र**
**6. प्राथमिक विद्यालय दुबामल तिवारी रसोई घर–– रू0 11196/– मात्र**

**नीलामी प्रकिया में भाग लेने वाले व्यक्तियो या फर्मो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 03.03.2023 दिन शुक्रवार को कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी खुनियांव में नीलामी हेतु निधार्रित धनराशी का 25 प्रतिशत नगद रूप में नीलामी समिति के पास जमा कर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति या संस्था के पक्ष में भवन नीलामी के लिए अधिकतम होगा। शेष समस्त व्यक्ति / संस्था या फर्म को उनके द्वारा जमा धनराशि उसी दिन वापस कर दी जायेगी।**

**(ओम प्रकाश मिश्र )**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी,खुनियांव**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक– 925–26/2022–23 दिनांक 25.02.2023**



**कार्यालय : खण्ड शिक्षा अधिकारी जोगिया**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक – एस एस ए/ निर्माण/ 9206–08/2022–23 द्वारा विकास खण्ड जोगिया के पू0 मा0 वि0 हरैया को जर्जर घोषित करते हुये नीलामी हेतु ब्लाक स्तरीय नीलामी समिति को निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में पू0मा0 वि0 हरैया (न्यूनतम दर 124566) का नीलामी दिनांक : 02–03– 2023 को कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी जोगिया में होगी। नीलामी प्रक्रिया मे बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति /संस्था निर्धारित मूल्य का 25 प्रतिशत नगद रूप में नीलामी समिति के पास जमा कर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति या संस्था के पक्ष में भवन नीलामी के लिए अधिकृत होगा। शेष समस्त व्यक्ति/संस्था को उनके द्वारा जमा धनराशि उसी दिन वापस कर दी जाएगी ।**

**(कुंवर विक्रम पांडेय)**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**जोगिया – सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक –87–88/2022–23/दिनांक :26– 02– 2023**



**कार्यालय : खण्ड शिक्षा अधिकारी बर्डपुर**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक / समग्र शिक्षा / नि0का0 / 4910–13 / 2022–23 दिनांक 6 अक्टूबर 2022 व पत्रांक– एस0एस0ए0/ निमार्ण / 9206–08/2022–23 दिनांक 23. 01.2023 द्वारा विकास खण्ड बर्डपुर के प्रा0वि0 देवरा चौधरी (मूल भवन) एवं प्रा0वि0 बरगदी (मूल भवन) को जर्जर घोषित करते हुए नीलामी हेतु ब्लाक स्तरीय नीलामी समिति को निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में प्रा0वि0 देवरा चौधरी (मूलभवन) निर्माण वर्ष 1975 (न्यूनतम दर – 43189.00 रू0) तथा प्रा0वि0 बरगदी (मूल भवन) निर्माण वर्ष 1989 (न्यनततम दर 31262.000) का नीलामी दिनांक 02.03.2023 को कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी बर्डपुर में होगी। नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति/ संस्था निर्धारित मूल्य का 25 प्रतिशत नगद रूप में नीलामी समिति के पास जमा कर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति या संस्था के पक्ष में भवन नीलामी के लिए अधिकृत होगा। शेष समस्त व्यक्ति / संस्था को उनके द्वारा जमा धनराशि उसी दिन वापस कर दी जायेगी।**

**(अरुण कुमार)**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी,बर्डपुर**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक– 639/2022–23 दिनांक 24.02.2023**

# शिक्षामित्रों ने सरकार और भाजपा के साथ चलने का संकल्प लिया:सांसद जगदंबिका पाल





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। आदर्श समायोजित शिक्षक, शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित समारोह में सांसद जगदंबिका पाल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षा मित्रों ने केंद्र और प्रदेश सरकार के साथ ही भाजपा की नीतियों में विश्वास करने का संकल्प लिया। रविवार को जिला मुख्यालय स्थित सांसद के कैंप कार्यालय पर आदर्श समायोजित शिक्षक, शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि शिक्षा मित्रों को संघर्ष का रास्ता छोड़कर शांति और सहयोग का मार्ग अपना होगा। हितों के लिए शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री से मिलकर बेहतर भविष्य संवारने के लिए हर स्तर पर प्रयास करेंगे। इसके लिए सभी को एक साथ प्रदर्शन करते हुए केंद्र और प्रदेश की उपलब्धियों के साथ भाजपा की नीतियों में



विश्वास करने की पहल करनी होगी। कहा कि एक समय में जब प्राथमिक शिक्षा लड़खड़ा गई थी, उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने शिक्षा मित्रों की भर्ती मेरिट के आधार पर की थी। धीरे–धीरे 23 वर्ष हो गए। इस बीच गैर भाजपा सरकारों की जल्दबाजी में लिए गए निर्णय और सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बेहतर मुकाम हासिल नहीं हो सका। प्रदेश में योगी आदित्य नाथ की सरकार बनने पर मानदेय 35 सौ बढ़ाकर 10

- **शिक्षा मित्रों के संगठन के पदाधिकारियों ने सांसद जगदंबिका पाल का सम्मान**
- **आदर्श समायोजित शिक्षक, शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में हुआ समारोह**

हजार करने का कार्य हुआ। शिक्षा मित्रों ने अब तक गलत दिशा में विरोध स्वरूप संघर्ष को अपनाया। अब केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, प्रदेश के मंत्री संजय निषाद की मौजूदगी में जिस तरीके से भाजपा की सरकार के प्रति विश्वास जताया है, निश्चय ही आने वाले समय में शिक्षा मित्रों का भविष्य उज्जवल होगा। कहा कि हितों की रक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़ा रहते हुए मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों तक सभी से जोड़ते हुए अपनी भावनाओं को पहुंचाने का कार्य करूंगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार शुक्ला, मंत्री श्याम बिहारी चौधरी समेत अजीमुद्दीन खां, रवि प्रकाश पांडेय, रामसुख चौधरी, हरीश आर्या, पवन शुक्ला, दीप नारायन, अभिषेक श्रीवास्तव, जगदीश मौर्या, राम विलास यादव, महेंद्र श्रीवास्तव, शिवसरन चौधरी, रवि शंकर त्रिपाठी, सदानं दुबे, नफीस अंसारी, राधेश्याम, सोनी मिश्रा, शकुंतला, सीता, सुध, अंजना श्रीवास्तव, विनोद पांडेय, प्रदीप शर्मा, रामजीत मौर्या, पूनम मौर्या, राधेरमण शुक्ला, अरुण पांडेय, केसरी निषाद, देवेंद्र मिश्रा, हेमंत यादव, छोटेलाल, सदानंद दुबे, अश्वनी प्रजापति, बाबूदीन, अनिल मिश्रा, रमेश त्रिपाठी, विनोद पांडेय आदि की मौजूदगी रही।

## शिक्षामित्रों ने सांसद को किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। समयोजन निरस्त्रीकरण के बाद से लगातार संघर्षरत शिक्षामित्र संगठन ने पैटर्न बदलकर सरकार से सामंजस्य स्थापित करने के लिए विगत 20 फरवरी को लखनऊ के रमाबाई अम्बेडकर पार्क में महासम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसके क्रम में महासम्मेलन से उत्साहित शिक्षामित्रों ने जिलाध्यक्ष हेमंत शुक्ल शिक्षामित्र वेल्फेयर एशोसियेशन सिद्धार्थनगर की अगुवाई में जनपद के सैकड़ो शिक्षामित्र सांसद आवास पर पहुंचकर शिक्षामित्र की आवाज बनने के लिए डुमरियागंज सांसद जगदम्बिकापाल को आभार प्रकट करते हुए फूलमालाओ के साथ पेन्टिंग और मोमेंटम देकर अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया साथ ही यह आग्रह किया कि भविष्य में सांसद सरकार के समक्ष शिक्षामित्रों की वकालत करते रहेंगे साथ ही कार्यक्रम में मौजूद शिक्षामित्रों ने एक स्वर में आगामी चुनाव सहित सरकार की तमाम योजनाओं में कदमताल करने की बात कही।

## सांसद ने नव निर्वाचित सिविल सिद्धार्थ बार को पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दिया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन सिद्धार्थ नगर के चुनाव में



नव निर्वाचित अध्यक्ष राधेश्याम मिश्र महामंत्री. सिद्धनाथ पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालकृष्ण शुक्ल उपाध्यक्ष बृजेश प्रताप सिंह को अपने आवास पर पुष्पगुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया सांसद ने कहा मेरे लायक जो भी काम होगा मैं हमेशा अधिवक्ता हित में साथ खड़ा रहूंगा। इस अवसर पर बधाई देने मे एड. रमेश मणि त्रिपाठी एड.अशोक त्रिपाठी एड. ओमशंकर पाण्डेय एड.विकास शुक्ल एड.शिवनाथ यादव एड. देवेन्द्र मणि त्रिपाठी एड. मनोज उपाध्याय उपस्थित रहे।

## स्वच्छता परववाड़ा के अंतर्गत भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने साफ सफाई किया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी। रविवार को दूसरे दिन भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा



स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बांसी रोडवेज बस परिसर के अंदर व रोडवेज के बाहर भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने साफ सफाई किया जिसमें पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर केपी त्रिपाठी ने भी साफ सफाई किया और उन्होंने कहा कि स्वच्छता से बीमारियां दूर रहती हैं साथ ही स्वच्छ और साफ सुथरा होने से अपना शहर सुंदर दिखता है इस दौरान रामशरण मौर्य ,भाजपा युवा नेता विष्णु जयसवाल(सोनू) अमरनाथ अग्रहरी, बलराम गुप्ता (कुलश्रेष्ठ),अमरनाथ अग्रहरि ,अतुल चंद्र त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, उमेश, विद्या प्रसाद ,रवि अग्रहरि ,रामबचन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सशक्त मण्डल को लेकर आयोजित हुई भाजपा बर्डपुर मंडल की बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बर्डपुर। सशक्त मंडल अभियान के तहत रविवार को भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल एक बैठक नगर में आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने किया। मंडल बैठक में सशक्त मण्डल प्रभारी पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह रहे। बैठक में मंडल के बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, मंडल पदाधिकारी तथा वरिष्ठ पदाधिकारीगण ने प्रतिभाग किया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है , जहां कार्यकर्ताओं को देव तुल्य रूप में माना जाता है। और इन्हीं कार्यकर्ताओं के सेवा एवं परिश्रम के बल पर आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में विद्यमान हुई है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता राष्ट्रवादी विचारधारा से ओतप्रोत होता है और उसी विचारधारा के साथ देश की एकता और अखंडता को



कायम रखने के लिए एक सजग प्रहरी के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में आज देश एवं उत्तर प्रदेश विकास की गति का एक नया इतिहास बना रहा है । आजादी के 75 वर्षों में जो कार्य देश के विकास और उन्नति को लेकर रुके हुए थे वह कार्य अंत्योदय की परिकल्पना एवं सबका साथ सबका विकास की नीति के थी अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। भारत विश्व गुरु बनने उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को सजग एवं तत्पर रहना होगा ।आप सभी के बल पर तथा देश की जनता के आशीर्वाद से 2024 में एक बार पुनः नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, सत्यप्रकाश राही, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद उपाध्याय जिला मंत्री अजय उपाध्याय, ओम प्रकाश यादव प्रेम नारायण दुबे कृष्ण दत्त पाण्डेय, चंद्रप्रकाश द्विवेदी अभिषेक कसौधन सुरेंद्र यादव विवेक गोस्वामी संतोष उपाध्याय रमेश यादव अम्बरीष जायसवाल फूलचंद जयसवाल बृजेश सिंह रामअचल चौधरी राजेंद्र विश्वकर्मा किशोरी लाल जयसवाल, प्रतिमा दुबे, शुभावती देवी, राजकुमार चौधरी आशीष मिश्रा मोहन चौधरी रामविलास मौर्या पवन पाठक जेपी मौर्या मंगलेश शुक्ला विजय प्रताप जायसवाल घनश्याम चौधरी अफजल हुसैन, हरिशंकर तिवारी, विंदेश्वरी चौधरी, आर्यन कसौधन मोहनलाल गुप्ता परशुराम साहनी सतीश जायसवाल अनिल गोस्वामी सत्यनारायण कसौधन रामकुमार यादव रामनरेश पाल हेमंत जयसवाल अनिरुद्ध विश्वकर्मा रामनिवास यादव इंद्रजीत चौधरी बाल गोविन्द पाठक शंकर यादव ,आदि मौजूद रहे।

## बांसी पुलिस ने किया तीन गौवंशीय पशु के साथ दो पशुतस्करो को गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी।कोतवाली पुलिस ने रविवार को तीन गौवंशीय पशु के साथ दो पशुतस्करो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।कोतवाल



अनुज कुमार सिंह की अगुवाई में एस आई चन्द्रप्रताप सिंह ,कांस्टेबल गामा यादव,अनिल गुप्ता,जितेन्द्र यादव की टीम ने सुबह साढ़े पांच बजे बोलेरो पिकअप से गोवंशीय पशुओं की तस्करी करने वाले गिरोह को राप्ती नदी पुल के पास से तीन गौवंशीय पशु के साथ महेश दूबे पुत्र सूर्यनाथ दूबे व मनोज कुमार पांडेय पुत्र चतुरगुन पांडेय ग्राम हिलगी थाना गोल्हौरा गोवंशीय पशुओं के साथ गिरफ्तार किया है और इनके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रुरता अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर न्यायालय मे भेज दिया है।

# भारतभारी में दिव्य सनातन धर्मकुंभ का होगा आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। आगामी 6 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर होने वाले दिव्य सनातन धर्मकुंभ आयोजन के संदर्भ में पावन तीर्थ भारत भारी में पूर्व विधायकध्प्रदेश प्रभारी हिंदू युवा वाहिनी राघवेन्द्र प्रताप सिंह के अध्यक्षता



में बैठक आयोजित हुई। राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित डुमरियागंज के सभी सम्मानितजनों को सनातन धर्म के दिव्य पथ पर संकल्पित भाव से दिव्य भारत निर्माण यात्रा के शुभारंभ की प्रतिबद्धता हेतु स्वामी महेश योगी व दिव्य भारत निर्माण ट्रस्ट की तरफ से मंगल शुभकामनाएं दी। राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्वामी महेश योगी 6 अप्रैल को भगवान भरत की पावन भूमि भारत भारी में सिद्धार्थ नगर की पावन मिट्टीका व मंगल कलश का पूजन व शक्ति पीठ दर्शनोपरांत केरल प्रदेश के लिए प्रस्थान करेंगे। केरल में जगद्गुरु आदि शंकराचार्य की जन्मभूमि पर मंगल कलश पूजन व उस पावन भूमि का रज कण प्राप्त कर देवभूमि केरल से सम्पूर्ण भारत वर्ष के सभी धार्मिक स्थलों, जैसे चार धाम, 12 ज्योतिरलिंग, 52 देवी शक्तिपीठ तथा 321 ऋषियों की जन्मभूमि की पावन भूमि की मिट्टिका प्राप्त करने हेतु स्वामी महेश योगी द्वारा 2 वर्ष तक अनवरत सम्पूर्ण भारत वर्ष में यह दिव्य यात्रा संचालित होगी। तदोपरान्त 2025 में समस्त तीर्थ स्थलों की ऊर्जामयी मिट्टी वापस लेकर अयोध्या आगमन पर दिव्य सनातन महाधर्म कुंभ का आयोजन होगा और चार दिव्य योग धाम की स्थापना हेतु अयोध्या से 11 वर्ष के लिए 9000 किलोमीटर की पद यात्रा आरंभ होगी। अतः इस दिव्य यात्रा में आप सभी सहयोगी बन कर मंगल कलश में अपने घर व पूजा स्थल की मिट्टी तथा आर्थिक अंशदान का सहयोग कर ईश्वर के इस महनीय कार्य में सहभागी बनकर पुण्य लाभ प्राप्त करें। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहें।

# परसा सुकुरुललाह मे मन की बात कार्यक्रम का आयोजन



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए परसा सुकुरुललाह मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद जगदंबिका पाल शामिल हुए। इस कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा नेता व समाज सेवी एवं प्रधान व भारी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष शामिल हुए और सभी ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने सभी को संबोधित किया और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और जिले के विकास कार्यों पर भी प्रकाश डाला और मीडिया से बात करते हुए पूरे कार्यक्रम को बताया और कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार सभी लोगों का विकास कर रही है और हाल ही में आये बजट में सरकार ने अंतिम पायेदान पर खड़े होने वाले व्यक्ति को योजनाएं पहुँचाने का कार्य कर रही है।

## शिकायत पर आरपीएफ टीम पहुंचकर नाली निर्माण करायी ध्वस्त’

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत के सुबाष नगर वार्ड में पन्ना लाल यादव के मकान से रामचरन यादव के मकान के सामने हो रहे नाली निर्माण कार्य रविवार को वार्ड निवासियों के विरोध के बाद रेलवे के कार्य निरीक्षक मुकेश कुमार आरपीएफ जवान के साथ मौके पर पहुंच नाली निर्माण के लिए रेलवे से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने का हवाला देते हुए रोक दिया है। वार्ड निवासी संतोष कुमार मिश्र, अभिषेक, आशीष, अरुण मिश्र आदि का आरोप है कि उक्त नाली के निर्माण में मानक की अनदेखी की जा रही है और सड़क की पटरी के बीच में निर्माण



हो रहा है। इससे वाहनों व राहगीरों को आवागमन में दिक्कत होंगी। नाली निर्माण में लेआउट प्लान, क्राससेक्शन व स्टीमेट के बारे में कोई जानकारी नही दी जा रही है, साथ ही निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हो रहा है। नाली को लोगों के मकान व फड़ से सटाकर नही बल्कि कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आवागमन वाले सड़क की तरफ बनाया जा रहा है। इस नाली के निर्माण से आवागमन में समस्या होगी व सब्जी मंडी में जल जमाव होगा। इस संबंध में ईओ विंध्याचल ने बताया कि नाली निर्माण का टेंडर उनके कार्यकाल से पूर्व हो चुका था, मामला संज्ञान में है जांचकर नियमतः नाली निर्माण कराया जाएगा।

# सम्पादकीय

**गोस्वामी जी की एक बहुत बड़ी विशेषता यह है कि वे जितने बड़े भगवान श्री राम चंद्र जी के भक्त हैं , उससे बड़े शिव जी के भक्त और भगवान श्री कृष्ण के भी उतने ही बड़े भक्त हैं। गोस्वामी जी की भक्ति पूर्व से लेकर पश्चिम को और उत्तर से लेकर दक्षिण को एकता की भावना में पिरोती है। औपनिवेशिक मानसिकता से ...**



## राम ही नहीं अपितु शिव के भी अनन्य साधक थे गोस्वामी तुलसीदास

विनय कांत मिश्र

भगवान श्री राम की जगत व्याप्ति को गोस्वामी तुलसीदास भली भांति जानते हैं। श्री रामचरित मानस रचते हुए संस्कृत भाषा की आदि परंपरा में गोस्वामी तुलसीदास जी भगवान शिव की भी आराधना करते हैं। शिव तत्व को वे जानते हैं। वे यह भी जानते हैं कि बिना शिव की कृपा के प्रत्येक व्यक्ति शव के समान है। शिव आनंद हैं। परम तत्व हैं। समाज के निचले तबके में पूजित हैं। आज भी गांव गांव में भगवान शिव के मंदिर श्रद्धा और विश्वास की प्रतिमूर्ति हैं। मध्यकालीन सामाजिक चेतना में शिवत्व और रामत्व में अभेद की चेतना का संचार करने वाले गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि भवानी शंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरुपिनौ। याभ्यां विना न पश्यंति सिद्धाः स्वान्तः स्थमीश्वरम।। प्रिय पाठक स्वमति के अनुरूप नौ की जगह ण पर औ की मात्रा लगाकर पढ़ें। अर्थात श्रद्धा और विश्वास के स्वरूप श्रीपार्वती जी और श्रीशंकर जी की मैं वंदना करता हूं, जिनके बिना सिद्धजन अपने अंतः करण में स्थित ईश्वर को नहीं देख सकते। आप देखिए तो पाएंगे कि संत जन को गोस्वामी जी का कितना बड़ा और गहरा संदेश है। वे माता पार्वती और भगवान शिव को श्रद्धा और विश्वास की प्रतिमूर्ति मानते हैं।

गोस्वामी जी आगे पुनः लिखते हैं कि वन्दे बोधमयं नित्यं गुरुं शंकर रुपिणम। यमाश्रितो हि वक्रोपि चंद्रह सर्वत्र वंद्यते।। अर्थात ज्ञानमय, नित्य, शंकर रूपी गुरु की मैं वंदना करता हूं, जिनके आश्रित होने से ही टेढ़ा चंद्रमा भी सर्वत्र वंदित होता है। आप फिर देखिए तो यह महसूस करेंगे कि गोस्वामी तुलसीदास जी कितने बड़े शिव भक्त हैं। गोस्वामी जी की एक बहुत बड़ी विशेषता यह है कि वे जितने बड़े भगवान श्री राम चंद्र जी के भक्त हैं , उससे बड़े शिव जी के भक्त और भगवान श्री कृष्ण के भी उतने ही बड़े भक्त हैं। गोस्वामी जी की भक्ति पूर्व से लेकर पश्चिम को और उत्तर से लेकर दक्षिण को एकता की भावना में पिरोती है। औपनिवेशिक मानसिकता से अभिशप्त जो विचारक भारतीय एकता का सूत्रपात अंग्रेज इतिहासकारों में देखते हैं उन्हें गोस्वामी तुलसीदास जी जैसे लोकनायक का एक बार पुनः गहन अध्ययन करना चाहिए। उन्हें इस बात को भली भांति समझना और जानना चाहिए कि सामाजिक सांस्कृतिक एकता के सबसे बड़े अगुआ गोस्वामी तुलसीदास जी थे जिन्होंने भगवान शिव, भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण की भक्ति के बहाने मध्यकालीन सनातन धर्म के अनुयायियों को आपस में एकीकृत किया। भक्ति के बहाने सामाजिक दूरी को पाटने में लोकनायक तुलसीदास सबसे अग्रिम पंक्ति में अपनी सूझ बूझ और समझ के बल पर खड़े हुए हैं।

लेखक विनय कांत मिश्रध्दैनिक बुद्ध का सन्देश

## मेरे पापा...

डॉ सीमा मिश्रा

दूर होकर भी पापा से,<br>
कभी ना हो पाई पराई मैं<br>
पापा मेरा स्वाभिमान हैं<br>
पापा ही मेरा अभिमान हैं<br>
पापा को हजारों खुशियां मिले<br>
देती हूं दिल से दुहाई मैं।<br>
दूर हो कर भी पापा से<br>
कभी न हो पाई पराई मैं।।1

जब भी मैं परेशान होती<br>
आज भी घबरा जाते पापा<br>
ढूंढ कर चाहे जहां से<br>
परेशानियों का हल लाते पापा<br>
पापा का रहे सर पर हाथ तो<br>
कभी ना रहूं मुरझाई मैं।<br>
दूर होकर भी पापा से<br>
कभी न हो पाई पराई मैं।।2

कितनी भी जिम्मेदारियों में हों<br>
मुझे ना कभी भुलाते पापा<br>
बेटों से मुझे अलग न समझते<br>
मन की बात भी पढ़ जाते पापा<br>
देखकर अपने पापा की बगिया<br>
आज फिर से मुस्काई मैं।<br>
दूर होकर भी पापा से<br>
कभी ना हो पाई पराई मैं।।3



**डॉ सीमा मिश्रा/ दैनिक बुद्ध का सन्देश**

## मजदूर ही तो हैं..खुदकुशी करते हैं तो क्या ?

**बस वह एक जगह नाकाम हो जाती है...वह छोटी बच्चियों को सुरक्षा नही दे पाती है।उन्हें बलात्कारियों से नही बचा पाती है! ऐसे में मजदूरों को कौन बचाए ?कौन उनके बारे में गंभीरता से सोचे ? पर कुछ भी हो अपना एमपी है तो गज्जब!यहां सरकार भगवान के घरों पर हजारों करोड़ तो खर्च कर सकती है!पर परेशानी में आकर खुद की ही जान लेने वाले मजदूरों के बारे में सोचने का समय उसके ...**

अरुण दीक्षित

अपना एमपी एक बार फिर देश के अगुआ राज्यों की सूची में है!इस बार उसका नंबर तीसरा आया है! छोटी बच्चियों व महिलाओं के प्रति अपराध और आदिवासियों पर अत्याचार के बाद अब उसने रोज कमा कर खाने वाले मजदूरों की आत्महत्या के मामले में भी देश में अहम जगह बना ली है।बस तमिलनाडु और महाराष्ट्र उससे आगे हैं! बाकी सब उसके पीछे खड़े हैं! आप चौंकिए मत!यह सूची मैंने नही बनाई है।न ही आंकड़े मेरे हैं।यह काम किया देश की सरकार के गृह मंत्रालय ने !उसके अधीन आने वाले नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने देश भर के आंकड़े लेकर यह रिपोर्ट तैयार की है।यह आंकड़े भी एक साल पुराने हैं।वजह..सरकार को आंकड़े इकट्ठे करने और उन्हें छापने में समय जो लग जाता है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 8 साल(2014 से 2021) में एमपी में करीब 25486 मजदूरों ने खुदकुशी की है।इनमें बड़ी संख्या उन कामगारों की थी जो रोज कमाते और खाते थे।इस सूची में पहला नाम तमिलनाडु और दूसरा महाराष्ट्र का है!इस अवधि में पूरे देश में कुल 2,35,779 मजदूरों ने अपनी जान ली है। चूंकि गरीब आदमी की गिनती वोट के अलावा किसी और में नही होती है इसलिए हर साल होने वाली ये मौतें भी चर्चा का विषय नही बनती हैं।फिर इन पर चर्चा करे तो कौन करे!

पर सवाल यह है कि आखिर वो कौन से वजह है जो देश भर में रोज बड़ी संख्या में मजदूर खुद की जान ले रहे हैं?अगर सरकारी घोषणाओं को देखें तो राज्यों की सरकारें अपने स्तर पर मजदूरों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं।केंद्र सरकार की योजनाओं की सूची भी राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान जैसी हरी भरी और खूबसूरत लगती है।मजदूर कल्याण कार्यक्रमों की सूची बहुत लंबी है। एमपी की सरकार ने भी कम कदम नही उठाए हैं।जब से डबल इंजन वाली सरकार बनी है तब से तो कल्याणकारी योजनाओं की घोषणाओं की गति भी काफी तेज हो गई है।खुद मुख्यमंत्री अक्सर अपनी कल्याणकारी योजनाओं का ब्यौरा देते रहते हैं। सब अच्छा है!सरकार खूब अच्छी योजनाएं चला रही है।तो फिर रोज औसतन 9 मजदूर अपनी जान क्यों ले लेते हैं?ऐसा तो हो नही सकता कि मजदूरों को आत्महत्या की लत लग गई हो? एमपी में तो केंद्र से ज्यादा योजनाएं चल रही हैं।इन योजनाओं के अलावा अभी तो केंद्र सरकार मुफ्त में अनाज भी बांट रही है।कहने को मनरेगा योजना भी चल रही है।राज्य सरकार ने तो मजदूरों के बच्चों की पढ़ाई के लिए अलग से स्कूल भी खोले हैं।घर बनाकर दिए हैं।रोजगार की गारंटी भी है! फिर मजदूर क्यों अपनी जान दे रहे हैं?प्रदेश के श्रम मंत्री इस मुद्दे पर खुद अपनी ही सरकार को खड़ा करते नजर आ रहे हैं।उनका कहना है कि प्रदेश के दिहाड़ी मजदूर देश के अन्य राज्यों में काम करने जाते हैं!वहां कुछ हो जाता है तो खुदकुशी कर लेते हैं।राज्य सरकार तो कई योजनाएं चला रही है।मजदूर की मौत पर संबल योजना में तीन से चार लाख रुपए मुआवजा देने का प्रावधान है।पेंशन भी जल्दी लागू करने वाले हैं!

मंत्री खुद मान रहे हैं कि रोजगार की तलाश में मजदूर प्रदेश से पलायन करते हैं! इससे यह भी साफ है कि राज्य सरकार कहे कुछ भी पर वह अपने दिहाड़ी मजदूरों को रोजगार नही दे पा रही है।अगर आप सरकारी दावों को देखेंगे तो आपको ऐसा लगेगा जैसे एमपी में रोजगार की सुनामी आई हुई है।बड़ी इन्वेस्टर्स मीट,अरबों रुपए के निवेश और लाखों रोजगार के सृजन का दावा पिछले डेढ़ दशक से हो रहा है।इसके बाद भी खुद मंत्री मजदूरों के पलायन की बात स्वीकार करते हैं!

एक बात और!राज्य सरकार इस ओर से पूरी तरह उदासीन दिखाई देती है।जिस राज्य में औसत 9 लोग रोज अपनी जान ले रहे हों,उस राज्य की सरकार ने इसे रोकने के लिए आजतक कोई कदम नहीं उठाया है।अगर कुछ किया होगा तो वह कागज में होगा।जमीन पर तो मंत्री जी का बोला सच है – हमारे राज्य से मजदूर पलायन करते हैं! वैसे यह पहली बार नही है!अपना एमपी ऐसी कई बातों में देश में आगे चल रहा है जिन पर किसी भी हालत में गर्व नही किया जा सकता है।

बच्चियों ,महिलाओं ,: आदवासियों और दलितों पर अत्याचार में वह सालों से आगे चल रहा है।एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक एमपी में हर 17 मिनट पर एक महिला अपराध का शिकार होती है। हर तीन घंटे में कोई एक छोटी बच्ची दुष्कर्म का शिकार होती है।आदिवासियों पर अत्याचार के औसतन 7 मामले रोज दर्ज होते हैं। जबकि राज्य में ष्मामाष की सरकार है!बलात्कारी को फांसी दिए जाने का कानून भी पहले यहीं बना था। बच्ची के पैदा होने से लेकर उसकी पढ़ाई लिखाई और शादी तक की व्यवस्था मामा की सरकार करती है!देश में दहेज विरोधी कानून होने के बाद भी सरकारी खजाने से भरपूर दहेज भी देती है। बस वह एक जगह नाकाम हो जाती है...वह छोटी बच्चियों को सुरक्षा नही दे पाती है।उन्हें बलात्कारियों से नही बचा पाती है! ऐसे में मजदूरों को कौन बचाए?कौन उनके बारे में गंभीरता से सोचे? पर कुछ भी हो अपना एमपी है तो गज्जब!यहां सरकार भगवान के घरों पर हजारों करोड़ तो खर्च कर सकती है!पर परेशानी में आकर खुद की ही जान लेने वाले मजदूरों के बारे में सोचने का समय उसके पास नही है! पर कुछ भी हो है तो एमपी गज्जब ही!है कि नहीं!

**जिसमें प्रदेश के 50 से अधिक कश्लेजों के युवा भाग लेंगे। तीन दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन के दौरान विभिन्न देशों के फ्लैग, राष्ट्र गान, फोकगीत, फूड और परिधान के बारे में जानकारी देने पोस्टर लगाए जाएंगे। संगीत और नृत्य के प्रोग्राम होंगे। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्कृति, भाषा और परिवेश से आने वाले युवा जब यहां मिलेंगे तो सभी को सीखने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने ...**

## युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकास के लिए बेहतर मंच साबित होंगे वाई –20 सम्मेलन

शगुफ्ता शीरीन

देश के विकास में युवाओं का अहम योगदान है। वक्ष्त के साथ उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसे साबित भी किया है। भारत की आजादी के संघर्ष में युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी है। अब देश की आजादी के 75 साल पूरे हो चुके हैं, और यह दौर आजादी के अमृतकाल के रूप में जाना जा रहा है। वहीं, प्रध ाानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से वैश्विक नेतृत्व क्षमता बढ़ाने का आह्वान किया है। युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद ने तो वर्षों पूर्व देश का प्रतिनिधित्व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया। उन्होंने भारत के युवाओं की सोच को देश–दुनिया के समक्ष रखा। आज का युवा भी अमृतकाल की विशेषताओं को देश दुनिया के सामने लाकर नेतृत्व क्षमता का विकास कर रहा है। केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं की नेतृत्व क्षमता को वैश्विक मंच देने ल–20 सम्मेलन आयोजित किए जाने और उसमे युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया है। क्या है यूथ –20: यूथ –20 या वाई –20, वाई –20 के तहत एक ऐसा अधिकारिक सहभागी समूह है जो जी –20 के देशों के युवाओं को बेहतर मंच प्रदान करता है। जो युवाओं को जी –20 की प्राथमिकताओं पर अपने दृष्टिकोण और विचारों को व्यक्त करने की स्वतंत्रता देता है। साथ ही अनेक सिफारिशों को सामने लाता है जो जी –20 देशों के नेताओं को प्रस्तुत की जाती हैं। इस एंगेजमेंट ग्रुप की शुरुआत 2010 में हुई थी। वाई –20 का लोगो: वाई –20 के लोगो में नारंगी, नीला और फिरोजी रंग का प्रयोग हुआ है। लोगो में नारंगी रंग बहादुरी, वैराग्य और शक्ति का, नीला अनंत शांति और ज्ञान का तथा फिरोजी आशा और उत्साह का प्रतीक है। लोगो में 20 स्पाइक जी –20 देशों के युवाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। वाई –20 सम्मेलन का उद्देश्य: भारत की अध्यक्षता में इस साल जी –20 के मुख्य आयोजन हो रहे है । भारत ने बाली में 1 दिसंबर, 2022 को हुए वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रभावशाली समूह जी –20 की अध्यक्षता ग्रहण की है, जो 30 नवंबर, 2023 तक भारत के पास रहेगा। अमृतकाल यानि कि 15 अगस्त, 2022 से लेकर आने वाले 25 साल की अवधि में आजादी का शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा। इस दौरान वाई –20 सम्मेलन भी होंगे। इस यूथ–20 एंगेजमेंट ग्रुप में भारत ने अन्य देशों के युवाओं के साथ विचारों के आदान प्रदान, नीतिगत मामलों में चर्चा, एजेंडा तैयार करना, वैश्विक नेतृत्व और भागीदारी पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके तहत आगामी 8 माह के दौरान देश के विभिन्न प्रदेशों में शताब्दी वर्ष तक मानव–केंद्रित अप्रोच के साथ एक समृद्ध, समावेशी और विकसित समाज का निर्माण करना है। केन्द्र सरकार का यह वसुधैव कुटुम्बकम के विचार को मूर्त रूप देते हुए समग्र कल्याण सुनिश्चित करने के साथ ही भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यावहारिक समाधान खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में देश के विश्वविद्यालयों में सेमिनार और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। जिनमे दुनिया भर के युवाओं को अपने जीवन मूल्यों और नीतिगत उपायों से अन्य लोगो को परिचित कराने का अवसर मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने वाई –20 का लोगो लॉन्च किया

बीते 6 जनवरी को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने वाई –.20 सम्मेलन के कर्टेन रेजर इवेंट में वाई –20 समिट की थीम, लोगो और वेबसाइट लॉन्च की है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह शिखर सम्मेलन युवाओं और विश्व को हमारे विकास के तरीके को आकार देने के लिए समान रूप प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से वाई –20 का बेहतर उपयोग करने की अपील की है। गुवाहाटी में 6 फरवरी को हुआ देश का पहला वाई –20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया 6 फरवरी को गुवाहाटी में देश का पहला वाई –20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमे 150 देशों के युवा प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान हुए पैनल डिस्कशन में युवाओं ने भारत को महाशक्ति बनाने के लिए अपनी उपयोगिता के बारे में चर्चा की। साथ ही लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका, कार्य और उद्योग के भविष्य, जलवायु परिवर्तन, शांति स्थापना, युवा वर्ग के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य और उनकी समस्यायों और उनके निदान सहित अनेक मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया। आई.आई.एम. रायपुर को मिली वाई –20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी यह छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खुशी का अवसर है जब इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर को वाई –20 समिट की मेजबानी का अवसर मिला है। 24 से 26 फरवरी तक होने वाले इस सम्मेलन में केंद्रीय सूचना प्रसारण और खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर शामिल होंगे। वे युवाओं से संवाद करेंगे और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए वाई –20 की उपयोगिता के बारे में मार्गदर्शन देंगे। इस सम्मेलन को लेकर आई.आई.एम. के छात्रों में काफी उत्साह है, उनका कहना है कि वाई –20 सम्मेलन उनके लिए अन्य देशों के युवाओं से उनके बारे में जानने के साथ ही विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श करने का अवसर देगा। आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. रामकुमार कांकाणी ने इस सम्मेलन के बारे में बताया कि भारत को जी –20 की अध्यक्षता मिलना बड़ी उपलब्धि है। वहीं, वाई –20 की मेजबानी मिलना आईआईएम रायपुर के लिए गौरव का विषय है । इस सम्मेलन के जरिए युवाओं को अपनी बातें रखने का अवसर मिलेगा। वे शांति स्थापना, जलवायु परिवर्तन, ई–गवर्नेस, इंडस्ट्रीज सहित विभिन्न मुद्दों पर पैनल डिस्कशन करेंगे। इससे छत्तीसगढ़ सहित देश को भी आने वाले समय में सक्षम नेतृत्व का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में जापान, फ्रांस, यूएसए, जाम्बिया, इंडोनेशिया सहित 16 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। वहीं, सभी जिलों के कॉलेजों के कुछ छात्रों को भी वाई –20 सम्मेलन में शामिल होने का अवसर मिलेगा। वाई –20 सम्मेलन के समन्वयक प्रो. एस रामकुमार ने बताया कि इस सम्मेलन में 16 देशों के युवा प्रतिनिधि पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों के युवा न्यायिक, विधिक, ई–गवर्नेस, युवा सहित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श करेंगे। उन्हें अन्य देशों के युवाओं का विचार जानने समझने का अवसर मिलेगा। वे नेतृत्व क्षमता विकसित करने और संघटन के जरिए विकास के महत्व को जान समझ सकेंगे। आईआईएम रायपुर की सचिव मानसी माहेश्वरी ने बताया कि उन्होंने कर्मंता कार्यक्रम खासतौर से तैयार किया है।




# अंतिम एकादश को लेकर आया पूर्व कोच Ravi Shastri का बयान, कहा– घरेलू मैचों में Vice Captain रखने से चयन में समस्या

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री घरेलू श्रृंखला में उप–कप्तान नियुक्त के खिलाफ हैं क्योंकि उनका मानना है कि ऐसे खिलाड़ी के लय में नहीं होने के कारण सर्वश्रेष्ठ एकादश के चयन में परेशानी होती है। शास्त्री ने यह भी संकेत दिया कि शुभमन गिल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट में लोकेश राहुल की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जाना चाहिये। राहुल के लंबे समय से लय में नहीं है। इस सलामी बल्लेबाज ने अपनी पिछली सात पारियों में 22, 23, 10, दो, 20, 17 और एक रन का स्कोर बनाया है। इसके उलट गिल सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन के बावजूद टेस्ट टीम में जगह मिलने का इंतजार कर रहे है। शास्त्री ने कहा, ''टीम प्रबंधन उनके (राहुल) फॉर्म के बारे में जानता है, वे उनकी मानसिक स्थिति को समझते हैं। उन्हें पता है कि उन्हें गिल जैसे खिलाड़ी को किस नजर से देखना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत में खेलते हुए उप–कप्तान नियुक्त नहीं करना चाहिए। मैं सर्वश्रेष्ठ एकादश के साथ मैदान पर उतरना पसंद करूंगा, और अगर किसी कारण से कप्तान को मैदान छोड़ना पड़ता है, तो उसकी गैरमौजूदगी में आप किसी दूसरे खिलाड़ी को टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दे सकते है। उपकप्तान नियुक्त कर आपको जटिलताएं पैदा करने की आवश्यकता नहीं है।'' राहुल को बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट के लिए उप–कप्तान नियुक्त किया गया था। वह आखिरी दो मैचों के लिए टीम अपना स्थान बरकरार रखने में सफल रहे लेकिन उन्हें उपकप्तान की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। भारत के पूर्व कोच ने कहा, '' अगर उपकप्तान प्रदर्शन नहीं करता है, तो कोई उसकी जगह ले सकता है। हो सकता है मेरी बातें ज्यादा कड़वी लगे लेकिन मुझे घरेलू परिस्थिति में उप–कप्तान पसंद नहीं है। हां विदेशी दौरे पर मामला अलग होता है।'' इस पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है और एक खिलाड़ी को टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए लगातार प्रदर्शन करते रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, '' राहुल की फॉर्म और मौजूदा मानसिकता को देखना होगा। वह एक जबरदस्त खिलाड़ी है, लेकिन आपको प्रतिभा को परिणामों में बदलना होगा और लगातार अच्छा करते रहना होगा।'' उन्होंने कहा, ''भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और कई खिलाड़ी है जो टीम में जगह मिलने का इंतजार कर रहे है। मैं इसमें राहुल की बात नहीं कर रहा हूं मध्य क्रम और गेंदबाजी लाइनअप में भी कई मजबूत विकल्प हैं।'' शास्त्री ने कहा कि खराब लय से जूझ रहे खिलाड़ी के लिए ब्रेक (विश्राम) काफी फायदेमंद हो सकता है। उन्होंने कहा, ''कभी–कभी उन परिस्थितियों में खिलाड़ी के लिए एक ब्रेक बेहतर होता है क्योंकि वह अपने खेल पर काम कर सकता है और मजबूत होकर अपनी जगह हासिल कर सकता है।'' शास्त्री ने कहा, '' मेरे कार्यकाल (कोच) में पुजारा को टीम से बाहर किया गया था। उसने शतक के साथ वापसी की, राहुल को भी टीम से बाहर किया था और उसने ने शानदार वापसी की। आप टी20 प्रारूप के लय को टेस्ट क्रिकेट में नहीं ले जा सकते।



# डिजिटल अर्थव्यवस्था का 2028–29 तक जीडीपी में 25 प्रतिशत अंशदान: कामत

मुंबई। राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक (नैबफिड) के प्रमुख के वी कामत का मानना है कि वित्त वर्ष 2028–29 तक देश के बढ़े हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में डिजिटल क्षेत्र का योगदान 25 प्रतिशत तक होगा। उस समय तक देश की अर्थव्यवस्था के 7,000 अरब डॉलर पर पहुंच जाने की भी उम्मीद है। अभी डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान चार प्रतिशत से कम है, जबकि चीन में यह 40 प्रतिशत तक है। सरकार और योजनाकारों का मानना है कि वित्त वर्ष 2028–29 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

अभी भारतीय अर्थव्यवस्था 3,300 अरब डॉलर है। इसके उस समय तक 7,000 अरब डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है। प्रसिद्ध बैंकर कामत ने कहा, डिजिटल अर्थव्यवस्था– डिजिटल बुनियादी ढांचा, ई–कॉमर्स और अन्य डिजिटल भुगतान और सेवा खंड– देश की वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। वित्त वर्ष 2028–29 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 7,000 अरब डॉलर होगा। इसमें डिजिटल अर्थव्यवस्था का हिस्सा 25 प्रतिशत होगा जो फिलहाल चार प्रतिशत से कम है। आईसीआईसीआई बैंक के पूर्व चेयरमैन कामत ने कहा, ''चीन की अर्थव्यवस्था का 40 प्रतिशत आज डिजिटल क्षेत्र से आता है, और मुझे ऐसा कोई कारण नहीं दिखता कि हम इसे हासिल न कर सकें।'' नैबफिड के चेयरमैन कामत का मानना है कि बुनियादी ढांचा निवेश को आगे बढ़ाने से रोकने की कोई वजह नहीं है, क्योंकि अर्थव्यवस्था में एक्सप्रेसवे, राजमार्ग, हवाई अड्डे, बंदरगाह और द्रुत गति की रेल के लिए बहुत गुंजाइश है।

उन्होंने कहा कि शहरी कायाकल्प की और परियोजनाएं हो सकती हैं। इसे सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित करने की कोई वजह नहीं है। उन्होंने कहा, ''हमें विश्वस्तरीय शहर बनाने चाहिए और मौजूदा शहरों का भी उन्नयन करना चाहिए। कामत ने कहा कि अगले पांच साल में भारतीय अर्थव्यवस्था दोगुनी होकर 7,000 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगी। ऐसे में हमें अर्थव्यवस्था की मांग को पूरा करने के लिए अधिक एक्सप्रेसवे, और हवाई अड्डों तथा बंदरगाहों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में फिर गिरावट की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि बैंक बुनियादी ढांचा वित्तपोषण का अभिन्न अंग बने रहेंगे लेकिन दीर्घावधि के कोष के लिए हमें और स्रोतों को भी देखने की जरूरत है।




# आईओसी अपनी सभी रिफाइनरी में लगाएगी हरित हाइड्रोजन संयंत्र

नयी दिल्ली। देश की अग्रणी पेट्रोलियम कंपनी आईओसी वर्ष 2046 तक शुद्ध–शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में दो लाख करोड़ रुपये की हरित बदलाव योजना लागू करेगी और इस क्रम में अपने सभी रिफाइनरी में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगी। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी ईंधन कारोबार में उतार–चढ़ाव से बचाव के लिए पेट्रोरसायन पर अधिक ध्यान देने के साथ व्यवसाय को नए सिरे से तैयार कर रही है।

इसके साथ ही कंपनी के पेट्रोल पंपों को ऊर्जा आउटलेट में बदलने की भी तैयारी है जहां पारंपरिक ईंधन के अलावा ईवी चार्जिंग पॉइंट और बैटरी अदला–बदली का विकल्प भी मिलेगा। वैद्य ने इसे खुद को भविष्य के लिए तैयार करने की रणनीति बताते हुए कहा कि आईओसी अपनी शोधन क्षमता को 8.12 करोड़ टन से बढ़ाकर 10.67 करोड़ टन प्रति वर्ष करने का इरादा रखती है। कंपनी को उम्मीद है कि भारत की तेल मांग वर्ष 2030 तक बढ़कर 70–72 लाख बैरल प्रतिदिन हो जाएगी। उन्होंने कहा, ''तेल अगले कुछ साल तक मुख्य ईंधन बना रहेगा, लेकिन हम ऊर्जा बदलाव के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं जिसमें हरित हाइड्रोजन, जैव ईंधन, ईवी और वैकल्पिक ईंधन का संयोजन शामिल होगा।''



हरित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस जैसे जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके पैदा किया जाता है। आईओसी ने हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए पानी को विभाजित करने को सौर जैसे नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न बिजली का उपयोग करने की योजना बनाई है। वैद्य ने कहा कि कंपनी वर्ष 2025 तक 2,000 करोड़ रुपये की लागत से अपनी पानीपत तेल रिफाइनरी में 7,000 टन प्रति वर्ष की हरित हाइड्रोजन उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी। उन्होंने कहा, ''हम पानीपत से इसकी शुरुआत कर रहे हैं लेकिन आखिर में हमारी सभी रिफाइनरियों में हरित हाइड्रोजन इकाइयां होंगी।''

यह कंपनी के वर्ष 2046 तक संचालन से शुद्ध–शून्य उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ''नेट–जीरो हासिल करने के लिए हमारी योजना दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की है।

# Argentina Open के बाद अब Rio Open 2023 के फाइनल में Carlos Alcaraz से भिड़ेगे Cameron Norrie

शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज और कैमरून नॉरी ने



रियो ओपन के सेमीफाइनल में अपने–अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की जिससे लगातार दूसरे टूर्नामेंट में दोनों के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। इससे पहले 20 फरवरी को दोनों का सामना अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में हुआ था जहां स्पेन के अलकराज ने नॉरी को शिकस्त दी थी। उन्नीस साल के अलकराज ने शनिवार को निकोलस जैरी को 6–7 (2), 7–5, 6–0 से मात देकर फाइनल का टिकट पक्का किया। इससे पहले ब्रिटेन के नॉरी ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में बर्नबे जपाटा मिरालेस को 6–2, 3–6, 7–6 (3) से हराया। नॉरी इस साल का तीसरा फाइनल मुकाबला खेलेंगे। वह 2023 में सबसे ज्यादा 17 जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी है। उन्हें इस दौरान तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

# बच्चे देश के भविष्य होते हैं और मन के सच्चे भी होते हैं–बलजीत सिंह कनौजिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज गोंडा। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पौधे को कागज के टुकड़े पर बनाकर पेश की मिसाल शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया ने की सराहना मनकापुर के कंपोजिट विद्यालय आज्ञाराम सोनबरसा में पढ़ाई के बाद व छुट्टियों के दिन बच्चे पहुंचकर

**■ बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पौधे के पत्तियों को कागज पर बनाकर प्रस्तुत किया शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया ने की सराहना**



पहुंचकर गजब का कार्य करते हैं कभी आज बच्चों ने और भी कला कमाल कर दिया जब बच्चों ने स्कूल में छुट्टी के दौरान पहुंचकर कागज के टुकड़ों पर बौद्ध का वर्गीकरण सरल पत्ती संयुक्त पत्ती बीज पत्ती बीज पत्री मुसला जड़ झगड़ा जड़ पत्तियों से सिरा विन्यास समांतर जलिकावत हरबेरियम फाइल निर्माण विभिन्न प्रकार की पत्तियों का संग्राह बनाकर प्रस्तुत किया इस दौरान स्कूल के शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे और बच्चों के द्वारा किए गए इस कार्य के लोगों ने सराहना की और कहा यह बच्चे आगे चलकर भविष्य में अक्षय कार्य करेंगे और अपने मां–बाप तथा देश का नाम रोशन करेंगे क्योंकि अभी से ही बच्चों में कागज के टुकड़ों पर विभिन्न प्रकार के चित्र बनाने का शौक है जो एक सराहनीय कार्य है।

# Intellectual Property Index में भारत 55 देशों में 42वें स्थान पर मौजूद

अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक के मामले में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से 42वें स्थान पर है। यह आईपी–चालित नवाचार के जरिये भारतीय अर्थव्यवस्था के बदलाव की संभावनाओं को दर्शाता है। अमेरिकी उद्योग मंडल यूएस चौंबर्स ऑफ कॉमर्स के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर की तरफ से शुक्रवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में भारत की बौद्धिक संपदा–आधारित नवाचार गतिविधियों की प्रशंसा की गई है। इस रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक को आधार बनाते हुए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति को दर्शाया गया है। ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पैट्रिक किल्ब्राइड ने कहा, भारत का आकार और आर्थिक रसूख वैश्विक पटल पर बढ़ रहा है, ऐसी स्थिति में भारत आईपी–प्रेरित नवाचारों की मदद से अपनी अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करने की मंशा रखने वाली उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक अग्रणी देश बन सकता है। पेटेंट से लेकर कॉपीराइट कानूनों तक का जिक्र करने वाली इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने कॉपीराइट अधिकारों के उल्लंघन पर गतिशील निषेधात्मक आदेश जारी कर कॉपीराइट की नकल रोकने के सशक्त प्रयास किए हैं। इसके अलावा आईपी–आधारित कर रियायतें देकर और नकली उत्पादों के बारे में जागरूकता फैलाकर भी भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय काम किया है। किल्ब्राइड ने कहा, भारत ने कॉपीराइट का उल्लंघन करने वाली सामग्री के खिलाफ कानून प्रवर्तन को सख्त करने के साथ ही आईपी परिसंपत्तियों की बेहतर समझ एवं उपयोग को भी बढ़ावा देने वाला ढांचा खड़ा किया है। हालांकि इस ढांचे में मौजूद खामियों को दूर करना भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए एक नया मॉडल बनाने में अहम होगा। इस रिपोर्ट में भारत के बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड को 2021 में भंग किए जाने और न्यायपालिका पर बढ़ते मामलों के बोझ को चिंता का मुद्दा बताते हुए कहा गया है कि इससे बौद्धिक संपदा अधिकारों को लागू करने की क्षमता प्रभावित होती है।




# Pakistan के बलूचिस्तान में हुआ जोरदार धमाका, चार लोगों की मौत और 10 घायल

पेशावर। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार सुबह एक बाजार में हुए विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बरखान के उपायुक्त अब्दुल्ला खोसो ने कहा कि धमाका राखनी बाजार इलाके में मोटरसाइकिल में लगा इंप्रोवाइज्ड एक्स्प्लोसिव डिवाइस (आईईडी) फटने से हुआ। बरखान के थाना प्रभारी सज्जाद अफजाल ने कहा कि घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और आगे की जांच के लिए इलाके की घेराबंदी की गई है। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनकी पुष्टि नहीं की जा सकती। इन वीडियो में कार्यकर्ताओं को खून से लथपथ पीड़ितों को कथित घटनास्थल से ले जाते हुए देखा जा सकता है और आसपास भारी भीड़ दिख रही है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर अब्दुल कुदूस बिजेन्जो ने विस्फोट की निंदा की है और अधिकारियों को दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, "निर्दोष लोगों का खून बहाने वाले मानवता के दुश्मन हैं।" इस बीच, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी विस्फोट की निंदा की और मुख्यमंत्री से रिपोर्ट मांगी है।



# साइबर ठग द्वारा ठगी की गई रकम को साइबर सेल मोतीगंज पुलिस ने कराया वापस

## वापस रुपया पाकर पीड़ित ने पुलिस को दिया धन्यवाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। साइबर ठग द्वारा मोतीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत के अंतर्गत एक गांव निवासी एक व्यक्ति के खाते से साइबर ठगी के जरिए ₹20000 ठग लिया गया जिसकी शिकायत पीड़ित ने 1930 उक्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोंडा आकाश तोमर व क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा मोतीगंज थाना अध्यक्ष प्रबोध कुमार को सख्त निर्देश देते हुए ठगी की गई रकम को वापस कराने का निर्देश दिया है उक्त आदेश के अनुक्रम में थानाध्यक्ष मोतीगंज चौकी प्रभारी कहोबा धर्मेंद्र ने जांच पड़ताल की और पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से कटे ₹20000 रुपए में से 19853 रुपए वापस कराया रुपया पाकर पीड़ित खुश हुआ और पुलिस को धन्यवाद दिया।यह मामला मोतीगंज थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी कहोबा अंतर्गत दलपतपुर गांव का है गांव निवासी पीड़ित अंबिकेश्वर तिवारी पुत्र रामकुमार तिवारी ने बताया कि जब हमने इसकी शिकायत की और पुलिस ने मामला को संज्ञान में लेकर तत्काल मेरे खाते से कटे पैसे को वापस कराया इसमें थाना अध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार चौकी प्रभारी धर्मेंद्र उप निरीक्षक उमेश वर्मा कांस्टेबल साहब हुसैन ने तुरंत जांच पड़ताल शुरू की और खाते से कटे पैसे को जो साइबर ठगों द्वारा निकाला गया था खाते में वापस कराया इसके लिए पीड़ित ने पुलिस को धन्यवाद दिया।जनपद पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन सभी को जागरूक किया जाता है कि अगर कोई भी आपके मोबाइल पर अनजान व्यक्ति का फोन आता है और ओटीपी मांगता है तो कतई ना दें अन्यथा आप ठगी के शिकार हो जाएंगे इसके बावजूद भी शादी करने में नहीं चूकते हैं कहावत है तू डाल डाल मैं पात पात।



# पंडित दीन दयाल उपाध्याय ब्लॉक स्तरीय पशु आरोग्य मेला का हुवा आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर गोण्डारूपंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेला विकासखंड छपिया के ग्राम पंचायत धानेपुर मे व्लाक स्तरीय मेला का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर मेले का उद्घाटन किया विधायक ने अपने संबोधन में किसानों से आह्वान किया कि खेती के साथ में पशुपालन बहुत जरूरी है जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी आज किसानों के बदौलत उत्तर प्रदेश पूरे भारत में दुग्ध उत्पादन में पहले स्थान पर है।कार्यक्रम में मौजूद विद्याराम वर्मा, डॉ अभिषेक मिश्रा, डॉ आशीष सिंह, मोहम्मद सफीक, सत्य प्रकाश,दिलीप प्रधान धानेपुर, सुनील वर्मा प्रधान धर्मदास पुर, बबलू, बाबूलाल,दीपक पटेल, विक्रम, राकेश भारती,एवं भारी संख्या किसान मौजूद रहें।

# टीआई क्लीन मोबिलिटी मार्च, 2024 तक जुटाएगी 3,000 करोड़ रुपये



ट्यूब इन्वेस्टमेंट इंडिया (टीआईआई) की अनुषंगी टीआई क्लीन मोबिलिटी (टीआईसीएम) अपने इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार को गति देने के लिए अगले साल मार्च तक 3,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। कंपनी ने शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा किटीआईआई ने इसमें से 639 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही कर दिया है। टीआईसीएम इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के विनिर्माण और विपणन पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यह अपनी अनुषंगियों के माध्यम से भारी इलेक्ट्रिक व्यावसायिक वाहनों ई–ट्रैक्टरों के विनिर्माण और विपणन पर भी ध्यान दे रही है। बयान के अनुसार, "टीआई क्लीन मोबिलिटी ने हिस्सेदारी और अनिवार्य रूप से अधिमान्य परिवर्तित शेयरों (सीसीपीएस) के रूप में 1,950 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाने के लिए टीआईआई, मल्टीपल्स प्राइवेट इक्विटी फंड–3, भारतीय स्टेट बैंक और अन्य सह–निवेशकों के साथ निश्चित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए हैं।" टीआईसीएम का मार्च 2024 के अंत तक 1,050 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जुटाने की भी योजना है। इस तरह कुल जुटाई जाने वाली राशि बढ़कर 3,000 करोड़ रुपये हो जाएगी।

## ट्रेन की चपेट से बंदर हुआ घायल'

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। उसका बाजार टैंपू स्टैंड रेलवे क्रॉसिंग



पर देर शाम रविवार को गोरखपुर से बढ़नी के तरफ ट्रेन जा रही थी तभी अचानक ट्रेन के चपेट में बंदर आ गया और बुरी तरह से घायल हो गया बंदर को घायल देख लोगो की भीड़ होने लगी स्थानीय लोगो ने वन विभाग को सूचना दी।वन दरोगा देवेश मिश्रा ने बताया कि घटना स्थल पर वन विभाग की टीम पहुंचकर घायल बंदर को पशु चिकित्सालय उसका बाजार में पहुंचकर घायल बंदर की इलाज की जा रही है।

## विद्यावाचस्पति'सम्मान से सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश,जनपद सिद्धार्थ जिले के आनन्द कुमार



सुमन को उनकी सुदीर्घ हिन्दी सेवा, हिन्दी साहित्य कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों, शैक्षिक प्रदेयों, महनीय शोधकार्य तथा राष्ट्रीयध अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ ने अपनी आकादमिक परिषद की अनुशंसा पर विद्यावाचस्पति सारस्वत सम्मान की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। श्रीआनन्द कुमार सुमन सिद्धार्थ नगर जनपद के तहसील सदर (नौगढ) के नगर पंचायत उसका बाजार के मुहल्लाः अंबेडकर नगर (मोगलहा) के मूल निवासी है तथा प्रा. वि. ताल बगहिया, वि.खंडः उसका बाजार जनपद सिद्धार्थ नगर में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत हैं और रेहरा न्याय पंचायत में संकुल शिक्षक पद पर भी कार्य कर रहे हैं।साहित्य सृजन , निरंतर लेखन व प्रखर वक्ता के रूप में जाने व पहचाने जाते हैं ।

## स्थापना दिवस पर फल व बिस्किट का वितरण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। 26 फरवरी कों राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर



प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद सिद्धार्थनगर में मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने पं माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों में फल व बिस्किट का वितरण किया गया। उनके साथ ग्राम पंचायत अधिकारी प्रदीप सिंह, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री गोविन्द प्रसाद ओझा, पंकज पासवान सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहें अरुण कुमार प्रजापति, मंडल अध्यक्ष – बस्ती मंडल आदि मौजुद रहें।

## श्री रुद्रचंडी यज्ञ एवम श्री मदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन का हुआ ध्वजारोहण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोलाबाजार।गोला उप नगर स्थित वी एस ए वी इंटर कॉलेज



परिसर में आरम्भ होने वाली श्री रुद्र चंडी यज्ञ एवम श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का ध्वजारोहण रविवार को खण्ड बिकास अधिकारी रघुनाथ सिंह द्वारा वेदाचार्य रामानुज त्रिपाठी द्वारा मंगलाचरण के उपरांत किया गया।इस अवसर पर वेदाचार्य श्री त्रिपाठी ने कहा कि यज्ञ एक पुनीत कार्य है। जब तक हिमालय अपनी उच्चता के लिए सुरसरि अपनी पवित्रता के लिए चंद्रमा अपनी शीतलता के लिये इस धराधाम पर बिच रण करेंगे तब तक सरस्वती के वरद पुत्र जो लोग इस यज्ञ में सहयोग करेंगे उनकी कृतियां हमेशा धराधाम पर बिचरण करती रहेगी।इस अवसर पर यज्ञ के मुख्य आचार्य डा प्रवीण पांडेय कार्यक्रम के संचालक कथा वाचक ब्रह्मानंद शास्त्री सहित क्षेत्र के सभ्रांत लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## छत के कुडे से लटका मिली किशोर की लाश

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के छपरा गांव निवासी खैरुल अंसारी (15) स्व. दिलशेर अंसारी की   सुबह छत के कुंडे से लटकी लाश मिली। जब उसकी मां घर पहुंची तो बेटे को फंदे से लटके देखकर बदहवास हो गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को नीचे उतरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटे की मौत के बाद उसकी मां रो–रोकर बुरा हाल है। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस गई थी। जांच की जा रही है।

# प्रेमी ने की थी विवाहिता की हत्या

महराजगंज/फरेंदा। कैंपियरगंज जंगल के भारीवैसी क्षेत्र में बुधवार रात में हत्या कर फेंके गए महिला के शव के मामले में पुलिस ने .दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि प्रेमी ने महिला की गला दबाकर हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया था।

पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने बताया कि मृत महिला की पहचान राजकुमारी उर्फ रिया निवासी चिउटहां थाना चिलुआताल जिला गोरखपुर के रूप में हुई। बताया कि रिया का संबंध फरेंदा क्षेत्र के फुलवरिया निवासी सलमान से था। संबंधों में दरार पड़ने के कारण आरोपी ने एक सहयोगी विशाल की मदद से घटना को अंजाम दिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि महिला से संबंध बनने के दौरान वीडियो बना लेने के कारण वह लगातार ब्लैकमेल कर रही थी। इससे आजिज आकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बताया कि शव मिलने के बाद पुलिस पहचान के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। रेलवे स्टेशन व थाना सहित सार्वजनिक स्थानों पर पंफलेट चस्पा कर शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा था। उसी दौरान कैम्पियरगंज रेलवे स्टेशन पर पिता केशरचंद्र विश्वकर्मा ने पंफलेट देखकर दामाद भगवानपुर निवासी मनोज विश्वकर्मा को जानकारी दी। बेटी रिया के बारे में पूछा तो पता चला कि वह पांच दिनों से भगवानपुर नहीं पहुंची है।

इसके बाद पिता, दामाद व बड़ी बेटी संतोषी के साथ थाना फरेंदा पहुंचकर कपड़े व फोटोग्राफ्स के आधार पर मृत महिला की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी सलमान व सहयोगी विशाल विश्वकर्मा निवासी भगवानपुर शिवपुर कैम्पियरगंज को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मृत महिला और सलमान व विशाल के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

बहन के घर पर रहती थी रिया

मृत राजकुमारी उर्फ रिया की बड़ी बहन संतोषी की शादी कैम्पियरगंज क्षेत्र के शिवपुर भगवानपुर में हुई थी। वहां पर वह अक्सर आकर रहती थी। आरोपी युवक सलमान का ससुराल भी उसी गांव में था। सलमान का भगवानपुर में अक्सर आना जाना रहता था। उसी दौरान रिया की पहचान भी आरोपी से हो गई और दोनों में प्रेम संबंध हो गया। प्रेम संबंध के बाद सलमान ने रिया से प्रेम विवाह कर लिया था।

आरोपी विशाल है सलमान का सालाः आरोपी सलमान का पहला विवाह शिवपुर भगवानपुर में विशाल की बहन रागिनी के साथ हुई है। अपने जीजा सलमान को ब्लैकमेल होता देख विशाल भी वारदात में शामिल हो गया।

## जरूरी दवाओं की कीमतें घटीं, मरीजों को राहत

महराजगंज। ह्रदय रोग और टीबी समेत 93 बीमारियों की दवाओं की कीमतें घट गई हैं। 10 से 30 प्रतिशत तक दवाओं के मूल्य में कमी की गई है, इससे मरीजों को काफी राहत मिली है। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने इन दवाओं को ड्रग प्राइस कंट्रोल आर्डर की सूची में डाल दिया है। अब फार्मा कंपनियां इन दवाओं को निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर नहीं बेच सकती हैं।

जानकारी के अनुसार, बीते माह केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने 93 नई दवाओं की सूची जारी की है। अब इनकी कीमत पर सरकार का नियंत्रण होगा। सरकार ने इन दवाओं की कीमत कम की है। केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक चौरसिया ने बताया कि सरकार ने जिन दवाओं के रेट कम किए है, उसमें ह्रदय रोग, टीबी, गैस, दर्द की दवा शामिल है। इसकी खपत लगातार बढ़ रही है। टीबी को 2025 तक देश से समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है और इसके लिए अभियान भी चलाया जा रहा है।

केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री विनय कुमार नायक ने बताया कि दवाओं की कीमत कम होने के बारे में विक्रेताओं को बैठक में जानकारी दी गई है। नया स्टाक जिनके पास है, वहां कम मूल्य पर लोगों को दवा उपलब्ध हो रही है। तमाम औषधियों की कीमतें कम हुई है। नई दर पर मिलने वाली वाली दवाएं आने वाली हैं। इसका सीधा फायदा मरीजों को होगा। निध ्रारित दर पर ही दवाओं की बिक्री की जा रही है।

दवा एक पत्ता पुरानी कीमत नई कीमत रुपये में

पासरजीनामाईड 750एमजी 75 64.30

सिफिक्सिस 200 एमजी 119.90 87.20

एसायक्लोरिक 400 एमजी 153 121.20 आइक्रोफन 200 एमजी 8 6. 30 पैंटाप्रजोल इंजेक्शन 55 45 आगमेटिन इंजेक्शन 156.14 125.44

## शहर में अपशिष्ट पदार्थ अलग न करने पर भरना होगा जुर्माना

देवरिया। शहर में रहने वाले लोगों को अब घर, दुकान और प्रतिष्ठानों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों को अलग करना होगा। ऐसा न करने वालों पर सौ रुपये से लेकर साढ़े सात सौ तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके लिए नगर निकाय में चार मार्च से अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर नगरपालिका ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है।

31 मार्च तक चलने वाले अभियान में जिले की दो नगरपालिकाओं बरहज, देवरिया और 15 नगर पंचायतों में अधिकारी वार्डों में भ्रमण कर चेकिंग करेंगे। जांच के दौरान कूड़ा पृथक न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत चलाए गए अभियान की प्रतिदिन की रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाएगी। इस अभियान में डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले सफाई कर्मी घरों और संस्थानों से निकलने वाले कूड़ा को अलग–अलग लेंगे।

लोगों को जागरूक किया जाएगा कि अपशिष्ट पदार्थों को अलग करने के बाद ही सफाकर्मी को उपलब्ध कराया जाए। अगर कोई ऐसा नहीं करता है तो जानकारी नगर निकाय के जिम्मेदार अफसरों को दी जाएगी।

कितना लगेगा जुर्माना अपशिष्ट नगर पालिका जुर्माना रुपये नगर पंचायत

– अपृथक्कृत रूप से शुष्क, आर्द्र, घरेलू न करने पर–100 – 50

– निर्माण एवं विध्वंसक थोक अपशिष्ट उत्सर्जक– 750 –500

– अपृथक्कृत बागवानी, पेड़ों की छाल और कतरन–75 – 50

–अपृथक्कृत मत्सय, कुक्कुट और मांस – 300 – 150

– किसी थोक अपशिष्ट का भंडारण करने पर – 500 – 750

## निजी अस्पताल में डॉक्टर, कर्मचारियों ने जांच टीम को बंधक बनाया

सलेमपुर। अवैध रूप से घर में संचालित हो रहे अस्पताल की जांच करने पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की टीम को अस्पताल के फर्जी डॉक्टर व कर्मचारियों ने बंधक बना लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस की सक्रियता से टीम को बाहर निकाला गया। उसके बाद टीम ने अवैध अस्पताल सील कर दिया। ब्लॉक के चांदपार चौराहे पर एक दुकान में फर्जी तरीके से अस्पताल चलाए जाने की शिकायत लोगों ने की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए .सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अतुल कुमार अपनी टीम के साथ अस्पताल की जांच करने पहुंचे। वहां निजी हॉस्पिटल के फर्जी डॉक्टर व उनके कर्मचारी स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए टीम को चौनल के अंदर बंद कर बंधक बना लिए। इसकी सूचना सीएससी के अधीक्षक डॉ. अतुल कुमार ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर फर्जी डॉक्टर व कर्मचारी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने चौनल खोलकर जांच टीम को बाहर निकलवाया। उसके बाद सीएससी के प्रभारी डॉ. अतुल कुमार की देखरेख में अवैध रूप से संचालित हो रहे हॉस्पिटल को सील कर दिया गया। डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि सीएचसी से जुड़े सभी झोलाछाप के खिलाफ अभियान चलाकर जांच की जा रही है। इसी क्रम में जांच करने टीम पहुंची थी। टीम के साथ अवैध हॉस्पिटल के फर्जी डॉक्टर और उसके कर्मचारियों द्वारा अभद्रता कर टीम को चौनल के अंदर बंद कर दिया गया था। पुलिस के आने पर हम लोग बाहर निकले। इस संबंध में भटनी थानाध्यक्ष श्यामानंद राय ने बताया कि जांच करने आई स्वास्थ्य टीम के साथ अवैध हॉस्पिटल के डॉक्टर व कर्मचारियों ने अभद्रता की है। इसकी शिकायत मिली है। तहरीर मिलने पर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सपोर्ट इण्डिया डेवलपमेंट के तहत ट्रेनरो को दी गई जानकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

आनंदनगर। ट्रांसमीटो डेवलपमेंट प्रोडेक्ट का अलग अलग विधि से कैसे त्यार किया जायेगा इसे संस्था



फाउंडेशन जयपुर राजस्थान के तहत सपोर्ट इण्डिया डेवपलमेंट का प्रोग्राम पटवा मैरेज हाल में किया गया जिसमे प्रशिक्षण लेने के लिए तमाम ग्राम पंचायत से महिला पुरुष ट्रेनारो द्वारा भाग लिया गया।कार्यक्रम में जयपुर राजस्थान से आए हुए प्रतिनिधियों एव ट्रेनर ने कौशल भारत खुशहाल भारत मिशन के तहत घर में सफाई के इस्तेमाल होने वाले उत्पादों में सात अन्य सामग्री का प्रशिक्षण दिया गया सभी द्वारा सिखाया गया प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले ट्रेनर हर पंचायत में जाकर ग्रामीणों को प्रशिक्षण देंगे संस्था के दौरा नामांकन प्राप्त कर चुके ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न तरह से कौशल सिखाया जायेगा और उन्हे सहायता दिया जायेगा संस्था के सदस्यों को 5 रूपये का दान महीने में 10 बार करना पड़ता है सभी सदस्यों को संस्था के द्वारा न्यूनतम 50 हजार के लिमिट का सहायता कार्ड दिया जाएगा और सक्रिय सदस्यों को पांच लाख या दस लाख के लिमिट के सहायता कार्ड दिया जाएगा संस्था द्वारा दिए गए सहायता राशि को वापस नहीं करना पड़ता है कौशल भारत का कौशल भारत खुशाल भारत के नारा को मजबूत करने के लिए संस्था प्रशिक्षण के साथ फंड का सहयोग दे रही है।साथ ही ग्रामों क्षेत्र के बेरोजगार महिलाओं पुरुष संस्था द्वारा जागरूक किया जा रहा है।उक्त कार्यक्रम में नेशनल स्पोर्ट टीम से शाकिर अली,अफताम अहमद,परवेज खान,के साथ फरेंदा ब्लाक के दर्जनों ग्राम पंचायत से बिनोद यादव,विनय यादव,मालती देवी,ल्धमीना, सतीस जायसवाल,रितेश गिरी,सुमन,मनोज, योगेंद्र विश्वकर्मा, मनौआर अली,सरोजा,संजू,सुनीता गुप्ता,महेंद्र,शर्मिला, बिंद्रावती, इंद्रावती,दिनेश चौरसिया,सीमा, ललिता,शुशीला, विनीता,पूजा,राधि ाका,रंजना, सुधा,नंदनी,बिंदु मती,सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## किसान पशु पालन कर अपनी आय को करें दुगुना– राजेश्वर सिंह

कुशीनगर। जिला मुख्यालय रविन्द्रनगर धूस स्थित जिला पंचायत सभागार में शनिवार को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत जनपद स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण, कार्यशाला सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश्वर सिंह उपाध्यक्ष बीज विकास निगम उ0प्र0 द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। योजना के कार्यान्वयन अधिकारी भूमि संरक्षण अधि ाकारी डा० बीआर मौर्य द्वारा योजना के बारे में वृहद जानकारी दी गई। भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि यह योजना जनपद के रामकोला, नेबुआ नौरंगिया एवं विशुनपुरा विकास खण्ड के कुल 64 ग्रामो मे संचालित है। जहा पर 3 माइको वाटर शेड कमेटी गठित कर आस्था मूलक उत्पादन प्रणाली, जीवीकोपार्जन हेतु व्यवसाय एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के साथ अन्य कार्य कराये जायेंगें। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पशुपालन से आय कैसे बढ़ायी जाय के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र सरगटिया से आये वैज्ञानिको द्वारा बताया गया कि रासायनिक उर्वरक न प्रयोग करते हुये गोबर की खाद एवं जैविक उर्वरको का प्रयोग कर सब्जी एवं बागवानी कर किसान अपनी आय दुगुनी कर सकते है। मुख्य अतिथि राजेश्वर सिंह ने कहा कि उ0प्र0 सरकार द्वारा मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कोदो, सावा इत्यादि के उत्पादन हेतु बढ़ावा दिया जा रहा है, और गरीब मुसहर समाज के 48 बच्चो को निशुल्क शिक्षा एवं सम्पूर्ण भार राज्य सरकार उठा रही है। भूमि एवं जल संरक्षण के संबंध मे लोगो को जागरूक होने का आहवान किया गया, साथ ही प्राकृतिक संसाधन के संरक्षण हेतु संकल्प भी दिलाया गया। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार सदस्य सचिव ॅक्ब्–च्डङ्गैल्–2.0 ने कहा कि चयनित वाटरशेड पांच वर्षो मे समेकित की जायेगी। जहां पर उत्पादन प्रणाली, जीवीकोपार्जन हेतु व्यवसाय एवं प्राकृ तिक संसाधन प्रबंधन के साथ अन्य कार्य कराये जायेगें। कार्यक्रम के अन्त में उप कृषि निदेशक द्वारा समस्त उपस्थित अतिथियो, अधिकारियो एवं कृ षको का आभार व्यक्त कर कार्यशाला का समापन किया गया।

## साइकिल रैली निकाल लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बृजमनगंज। नगर पंचायत निवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता



लाने के उद्देश्य से नगर में साइकिल रैली निकाली गई। साइकिल रैली में समाजसेवी शशिकांत जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों लोग शामिल हुए।साईकिल रैली शशिकांत जायसवाल कैंप कार्यालय से निकल कर नगर के विभिन्न वार्डो में भ्रमण करते हुए पुनः कार्यलय पहुँच समाप्त हुई। इस मौके पर समाज सेवी शशिकांत जायसवाल ने कहा कि नगर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइकिल रैली निकाली गई है। उन्होंने बताया कि वह नगर के लोगों से अपील करेंगे कि घर का कचरा सफाईकर्मी को सौंपे।समाज सेवी ने कहा कि इस तरह करने से हम अपने शहर एवं अपने आप को स्वच्छ एवं सुरक्षित रख पाएंगे। स्वच्छ रहने से वातावरण में खुशनुमा माहौल बनता है। सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक होना चाहिए और जहां–तहां कूड़े को नहीं फेंकना चाहिए।इस दौरान मोहित कुमार, सूरज पाल, संदीप यादव,सोनू यादव,मोहन कुमार,दीपक,विशाल,विजय,अजय,आकाश सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

## चालीस शीशी नेपाली शराब के साथ महिला गिरफ्तार

### मुखबिर की खास सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असुरैना से पुलिस ने महिला सहित शराब किया बरामद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

महराजगंज ।रविवार की सुबह लगभग 11 बजे किसी मुखबिर ने थानाध यक्ष परसामलिक दिनेश कुमार गौड को सूचना दिया कि थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत निवासी मुन्नी देवी पत्नी घनश्याम धवल उम्र 28 वर्ष जो अपने घर पर नेपाली शराब रखी है। समय रहते अगर छापेमारी किया जाये तो अवैध ा नेपाली शराब बरामद किया जा सकता है। सूचना पर विश्वास करते हुए थानाध्यक्ष एव उपनिरीक्षक रोहित सविता हेड कांस्टेबल सन्तोष कुमार यादव राजेश कुमार एव महिला कान्स्टेबल साधना यादव को साथ लेकर मुखबिर के बताए हुए स्थान के लिए निकल पड़े। मौके पर पहुची पुलिस ने उपरोक्त महिला को 40 शीशी नेपाली शराब के साथ हिरासत मे लेकर उसे थाने लाई और उस पर मुकदमा अपराध संख्या 31ध्23 की धारा 60ध्63 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया है।

# बाई पास को लेकर मानवाधिकार संग ब्यापारियों ने किया धरना –प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। प्रदर्शन कारियों ने राबर्ट्सगंज के बाहर बाई पास मांग मुद्दे को विधान सभा में उठाने पर सदर विधायक के प्रति जताया आभार सोनभद्र स राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन (भारत ) उ. प्र. प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार सोनी के नेतृत्व में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं संग ब्यापारियों ने राबर्ट्सगंज नगर के मेन चौक राजा साहब कटरा के पास नगर की मुख्य घनी आबादी वाले बाजार की धर्मशाला, मेंन चौक, रेलवे फाटक रोड को स्टेट हाइवे घोषित होने एवं नगर मध्य सड़क से 60–60 फिट मास्टर प्लान द्वारा नक्शे पास किये जाने पर आगामी समय में नगर के हजारों ब्यापारियों को बर्बादी से बचाने हेतु कई महीनों से लगातार नगर के बाहर बाई शीघ्र निर्माण की मांग को संज्ञान में लेकर राबर्ट्सगंज सदर विधायक मा. भूपेश चौबे द्वारा विधान सभा नगर के बाहर बाई पास निर्माण मुद्दा सहित अन्य मुद्दे को उठाये जाने पर मुख्य मंत्री से राबर्ट्सगंज से बाहर शीघ्र बाई पास की घोषणा किये जाने की मांग को लेकर ब्यापारियों संग मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने किया धरना –प्रदर्शन किया स ईस मौके पर मानवाधिकार जिलामहासचिव शशि सिंगला एवं ब्यापारी राजेश सोनी ने कहाँ कि नगर में स्टेट हाइवे घोषित होना ही नगर के हजारों ब्यापारियों के साथ नाइन्साफी हैं स ईस मौके पर ब्यापारी संजय केशरी एवं हनुमान सेठ ने कहाँ कि नगर के बाहर बाई हेतु सर्वे आदेश होने के बावजूद भी नगर में 60–60 फिट दुरी पर मकानों को नक्शे मास्टर प्लान द्वारा पास किया जाना नगर के लोगों के साथ अन्याय हैं स ईस मौके पर मानवाधिकार प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार सोनी ने कहाँ कि नगर में स्टेट हाइवे घोषित होने पर नगर के हजारों ब्यापारियों को बर्बादी से बचाने हेतु मानवाधिकार के माध्यम से कई महीनों से लगातार बाई पास की मांग को लेकर धरना –प्रदर्शन किये जाने पर उप जिलाधिकारी सदर के सर्वे आदेश के तीन माह बाद भी बाई पास हेतु सर्वे आदेश पुरा नहीं होने पर नगर के बीस हजार से ज्यादा ब्यापारियों को उजड़ने से बचाने हेतु कई महीनों से लगातार मानवाधिकार के माध्यम से साप्ताहिक धरना प्रदर्शन किया जा रहा हैं स जिसके कारण राबर्ट्सगंज सदर विधायक ने राबर्ट्सगंज नगर के बाहर बाई पास मुद्दे को विधान सभा के बजट सत्र में उठाया हैं जिसके कारण सदर विधायक के प्रति आभार ब्यक्त किया जा रहा हैं और तथा मा. मुख्य मंत्री से नगर के बाहर बाई पास हेतु शीघ्र बजट पास शीघ्र बाई पास निर्माण किये जाने की मांग किया जा रहा हैं और मानवाधिकार के माध्यम से जब तक बाई पास निर्माण की घोषणा उ. प्र. सरकार द्वारा नहीं किया जाता तब तक लगातार साप्ताहिक धरना –प्रदर्शन किया जायेगा स ईस मौके पर शशि सिंगला, संजय केशरी, हनुमान सेठ , राजेश सोनी, शंकर केसरी, विवेक केशरी, प्यारे अग्रहरी इत्यादि लोग मोजुद रहें ।



# योग से कई रोगों का निदान–योगी संकट मोचन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र।पतंजलि युवा भारत सोनभद्र के तत्वाधान में सदर ब्लॉक के ग्राम जमूआव स्थित सोनभद्र कोचिंग सेंटर के प्रांगण में युवा भारत जिला महामंत्री एवम् सोशल मीडिया प्रभारी योगी संकटमोचन द्वारा एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल के साथ ही योग में निपुण बनाना है ताकि योग के माध्यम से भी बच्चे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना तथा अपने परिवार के साथ–साथ देश का नाम रौशन कर सकें। युवा भारत द्वारा इस प्रकार का निःशुल्क योग शिविर जनपद में विभिन्न स्थानों पर समय–समय पर आयोजित किया जाता है। शिविर में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित बच्चे व उनके माता–पिता ने योग अभ्यास किया। शिविर में बच्चों के लिए योग से सम्बंधित आसन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया एवं सही उत्तर देने वाले बच्चों को ईनाम देकर सम्मानित किया गया। शिविर में सोनभद्र कोचिंग सेंटर के डाइरेक्टर वरुण सर, ग्राम प्रधान, ग्रामीणों सहित अभय मौर्या, स्वीटी वर्मा, खुशी वर्मा, रवि मौर्य, राज गुप्ता, चंदन, संस्कार, ऋतुराज, अनिल वर्मा, कामेश्वर मौर्य, दिनेश मौर्य, राकेश गुप्ता, गणेश, विशाल, अर्पिता, चंदभूषण, अमित, आकाश, राकेश, राजकुमार सहित सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। हास्य आसन, सिंह आसन और शांति पाठ के साथ शिविर का समापन हुआ।



# संत निरंकारी मिशन ने किया 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का शुभारम्भ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। संत निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के 75वें 'अमृत महोत्सव' के अवसर पर सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन सान्निध्य में रविवार को 'अमृत परियोजना' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का शुभारम्भ बुद्ध विद्यापीठ महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। मुखी डा. राजाराम यादव ने कहा मुख्य उद्देश्य 'जल संरक्षण' तथा इसके बचाव हेतु अपनायी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना हैं। मुखी ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह ने समाज कल्याण हेतु जीवनपर्यन्त अनेक कार्य किए। जिसमें स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान का प्रमुख हैं। उन्हीं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष संत निरंकारी मिशन अमृत परियोजना का आयोजन किया हैं। मुखी ने कहा प्राकृतिक एवं कृत्रिम जल स्त्रोतों में पायी जाने वाली काई को जाली की छड़ियों और अन्य उपकरणों की सहायता से हटाया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की सफाई किया गया। मुखी घनश्याम सिंह ने कहा निसंदेह यह परियोजना पर्यावरण संतुलन, प्राकृतिक की सुंदरता और स्वच्छता हेतु किया जाने वाला एक प्रंशसनीय एवं सराहनीय प्रयास है। वर्तमान में हम ऐसी ही लोक कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित रूप देकर अपनी इस सुंदर धरा को हानि से बचा सकते है। साथ ही प्राकृतिक संसाधनों के दोहन पर भी रोक लगाई जा सकती है। डा. सुनील श्रीवास्तव, बृजमोहन, शांति पासवान, रेखा, राम औतार मौर्या, रीता देवी, राजेश कुमार, पटेश्वरी, प्रेम सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।





# प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर कार्यकर्ताओ ने किया जोरदार स्वागत

## जाति जनगणना होना अति आवश्यक है.: राजपाल कश्यप

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी राजपाल कश्यप का जनपद सोनभद्र आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। विधानसभा रावटसगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय किरहुलिया के प्रांगण में पिछड़ा वर्ग जातिगत जनगणना की गोष्टी को संबोधित करते हुए राजपाल कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछड़ा वर्ग जातिगत जनगणना होनी चाहिए जिससे हर समाज को उनके भागीदारी के अनुसार आरक्षण मिले और उनका विकास हो।श्री कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार जबसे केंद्र एवं प्रदेश में बनी है।

तब से चारों तरफ अराजकता का माहौल कायम है। कोई वर्ग इस सरकार में सुरक्षित नहीं है। किसान मजदूर नौजवान व्यापारी एवं हर वर्ग का तबका भाजपा सरकार में परेशान है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है। महिलाओं पर आए दिन अत्याचार हो रहा है और गरीब मजदूरों का कोई सुनने वाला भाजपा सरकार में नहीं है। जब–जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तब तब हर वर्ग का विकास होता है। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से राम निहोर यादव मोहम्मद शईद कुरेशी कृपाशंकर चौहान यशवंत चौधरी संजय यादव रामभरोसे सिंह पटेल अनिल प्रधान विगन भारती रवि गौड़ नंदलाल मौर्या पदम बिंद वेद मणि शुक्ला लालबरती यादव ओम प्रकाश त्रिपाठी अशोक पटेल रामसेवक प्रमोद प्रशांत सिंह बलिराम मौर्या पंचम मौर्य राम अवध सिंह कोमल बिंद रूपेश बिंद कमलेश यादव विमलेश पटेल सुरेश यादव राजेश पटेल राजमणि आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया ।



# एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पतंजलि युवा भारत सोनभद्र के तत्वाधान में रविवार को ग्राम जमूआव, पोस्ट कैथी स्थित एक कोचिंग सेंटर के प्रांगण में युवा भारत जिला महामंत्री एवम सोशल मीडिया प्रभारी योगी संकटमोचन द्वारा एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल के साथ ही योग में निपुण बनाना है ताकि योग के माध्यम से भी बच्चे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना तथा अपने परिवार के साथ–साथ देश का नाम रौशन कर सकें। इस दौरान योग शिक्षक योगी संकट मोचन ने कहा कि युवा भारत द्वारा इस प्रकार का निःशुल्क योग शिविर जनपद में विभिन्न स्थानों पर समय–समय पर आयोजित किया जाता है। ताकि लोग योग के जागरूक हो और स्वस्थ और निरोग रहे। इस दौरान शिविर में भारी संख्या में उपस्थित बच्चे व उनके माता–पिता ने योग अभ्यास किया। शिविर में बच्चों के लिए योग से सम्बंधित आसन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया एवं सही उत्तर देने वाले बच्चों को ईनाम देकर सम्मानित किया गया। वहीं हास्य आसन, सिंह आसन और शांति पाठ के साथ शिविर का समापन किया गया। इस अवसर मुख्य रूप से कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर वरुण, ग्राम प्रधान व अभय मौर्या, स्वीटी वर्मा, खुशी वर्मा, रवि मौर्य, राज गुप्ता, चंदन, संस्कार, ऋतुराज, अनिल वर्मा, कामेश्वर मौर्य, दिनेश मौर्य, राकेश गुप्ता, गणेश, विशाल, अर्पिता, चंदभूषण, अमित, आकाश, राकेश, राजकुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# एमसीबी जिला से आनंद शर्मा को मिली जिलाध्यक्ष की कमान, ×ष्णा वस्त्रकार बने उपाध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का सन्देश

मनेन्द्रगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत आने वाले एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ की अहम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मनेंद्रगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार आनंद शर्मा को एमसीबी जिले के नये जिला अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष एमसीबी के रूप में वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा वस्त्रकार को जवाबदारी सौंपी गई है। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के जिला मुख्य महासचिव के रूप में मुस्ताक कुरैशी यथावत अपनी जिम्मेदारी निर्वहन कर रहे हैं, इस बैठक में कोरिया जिले से आशीष खटीक को कोरिया जिले का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही मनेंद्रगढ़ से नए पत्रकार साथियों को भी भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की सदस्यता ग्रहण कराई गई है। जिसमें नए जिला अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा अपने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा पूर्ण निर्वहन करने एवं संगठन की एकता को बरकरार रखने की बात कही गई। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष महेश प्रसाद प्रदेश के मुख्य महासचिव सत्येंद्र सोनी, प्रदेश सचिव हेमंत कारफार्मा प्रदेश प्रवक्ता अविनाश चंद्र संभागीय उपाध्यक्ष उग्रसेन पाल, कोरिया जिला अध्यक्ष सावन कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार, प्रदीप पाटकर, आशीष कुमार, प्रमोद तिवारी, संजय कुमार केसरवानी, नागेन्द्र दुबे, ऋषि शर्मा करन सोनी सहित गठन के नए पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



# अध्यक्ष बने शिवपूजन,जिला मंत्री बने जितेन्द्र तिवारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। रविवार को उत्तर प्रदेश एक्सरे टेक्निसियन एसोसिएशन के द्विवर्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर शिवपूजन मणि त्रिपाठी एंव जिला मंत्री पद पर जितेन्द्र तिवारी चुने गये। द्विवर्षिक चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद त्रिपाठी,,जिला मंत्री जितेन्द्र तिवारी,कोषाध्यक्ष राहुल पाण्डेय, संप्रेच्छक गिरजा शंकर तिवारी। रविवार को पांचों पदों पर चुनाव प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा डी के चौधरी के प्रवेक्षण तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष मंत्री वाई के द्विवेदी शिवा कांत पाण्डेय सहित एल टी संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी डी पी ए के अध्यक्ष मंत्री श्री वाई पी यादव गोविंद ओझा साहित विभिन्न पदाधिकारी उपास्थित रहे।





## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।




## लोकार्पण और शिलान्यास

## नितिन गडकरी

**सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार के कर-कमलों द्वारा**

**सोमवार, 27 फरवरी 2023, प्रातः 11:30 बजे, चितबड़ा गाँव, बलिया, उ.प्र.**

### लोकार्पण

**गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट मार्ग का सुदृढ़ीकरण कार्य**
(NH-31, कुल लम्बाई–130 किमी, लागत ₹97 करोड़)

**सिकंदरपुर-हनुमानगंज-बलिया मार्ग खण्ड का सुदृढ़ीकरण**
(NH-727B, कुल लम्बाई–35 किमी, लागत ₹44 करोड़)

**गाजीपुर जनपद में गाजीपुर-बलिया मार्ग पर अटवा मोड़ के पास बेसो नदी पर सेतु का निर्माण**
(NH-31, कुल लम्बाई–90 मी, लागत ₹19 करोड़)

### शिलान्यास

**गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट (उत्तर प्रदेश/बिहार सीमा) तक 4-लेन ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग और बक्सर के लिए 17 किमी लिंक रोड का निर्माण**
(कुल लम्बाई–134 किमी, लागत ₹5320 करोड़)

**गाजीपुर जनपद में मरदह-जखनिया-सादात-सैंदपुर मार्ग का 2-लेन पेव्ड शोल्डर निर्माण**
(NH-124D, कुल लम्बाई–54 किमी, लागत ₹840 करोड़)

**उत्तर प्रदेश/बिहार सीमा से चंदौली तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर ग्रीनफील्ड मार्ग का निर्माण**
(NH-219, कुल लम्बाई–11 किमी, लागत ₹130 करोड़)

**बलिया जनपद में गाजीपुर-बलिया मार्ग पर माल्देपुर से कदम चौराहा तक के मार्ग का 4-लेन चौड़ीकरण कार्य**
(NH-31, कुल लम्बाई–5 किमी, लागत ₹50 करोड़)

### परियोजनाओं की विशेषताएं

- ग्रीनफील्ड हाईवे के निर्माण से पूर्वी उत्तर प्रदेश को बिहार के छपरा-पटना एवं बक्सर से बेहतर कनेक्टिविटी।
- बलिया से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की कनेक्टिविटी द्वारा लखनऊ एवं दिल्ली की सुगम यात्रा।
- गाजीपुर से बलिया होते हुए मांझीघाट जाने की समयावधि में लगभग 2 घण्टे की बचत ।
- बलिया-बैंरिया क्षेत्र में जलभराव, बाढ़ एवं मिट्टी के कटान में कमी आयेगी जिससे कृषि उपज बढ़ेगी।
- सिकन्दरपुर-हनुमानगंज-बलिया मार्ग के सुदृढ़ीकरण से गोरखपुर और नेपाल बॉर्डर तक आवागमन आसान।
- गाजीपुर-मांझीघाट मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं बेसो ब्रिज के निर्माण से कृषि उपज तथा स्थानीय उत्पादों को बड़ी मण्डियों तक पहुँचने में सुगमता तथा जाम से निजात।
- माल्देपुर से कदम चौराहे तक चौड़ीकरण होने से शहर को पार करने में 40 मिनट की जगह 10 मिनट का समय लगेगा तथा जाम से निजात मिलेगी ।
- सैंदपुर-मरदह की प्रदेश के अन्य शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी से प्रदेश की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार।
- सिकंदरपुर-हनुमानगंज के गाँवों की बलिया से बेहतर कनेक्टिविटी।
- उ.प्र. में निवेश को प्रोत्साहन एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा तथा नये रोज़गार के अवसरों का सृजन।
- बिहार से चंदौली होते हुए दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए सुगम मार्ग।
- समय तथा ईंधन की बचत एवं प्रदूषण में कमी होगी।
- NH-124D के निर्माण से जनपद गाजीपुर के अति पिछड़े क्षेत्रों को वाराणसी तथा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से कनेक्टिविटी प्रदान होगी, जिससे लखनऊ तक की यात्रा सुगम होगी।

**गरिमामयी उपस्थिति**

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय, मंत्री, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम, भारत सरकार | जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त), राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग एवं नागरिक विमानन, भारत सरकार | जितिन प्रसाद, मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ.प्र. | दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), परिवहन, उ.प्र. | दानिश आजाद अंसारी, राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण वक्फ एवं हज विभाग, उ.प्र.

वीरेन्द्र सिंह 'मस्त', सांसद (लोकसभा) | नीरज शेखर, सांसद (राज्यसभा) | सकलदीप राजभर, सांसद (राज्यसभा) | दर्शना सिंह, सांसद (राज्यसभा) | रविन्दर कुशवाहा, सांसद (लोकसभा) | पकौड़ी लाल, सांसद (लोकसभा) | अफजाल अन्सारी, सांसद (लोकसभा) | उपेंद्र तिवारी, पूर्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

**माननीय विधानसभा व विधान परिषद सदस्यगण**

रविशंकर सिंह 'पप्पू भैया' | विशाल सिंह 'चंचल' | केतकी सिंह | कैलाश | ओम प्रकाश राजभर | अन्नपूर्णा सिंह उर्फ पूनम सिंह | सुहेब उर्फ मन्नु अन्सारी | विरेंद्र कुमार यादव
संग्राम सिंह | जय प्रकाश अंचल | जैं किशन साहू | आशुतोष सिन्हा | बेदी | अंकित भारती | ओम प्रकाश | जियाउद्दीन रिजवी

FOR LIVE STREAMING :
www.facebook.com/nitingadkary
https://twitter.com/nitin_gadkari
www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

FASTag
• लगभग 40 करोड़ घंटे प्रतिवर्ष के अमूल्य समय की बचत • लगभग 35 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष ईंधन की बचत
• लगभग 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण संरक्षण
इसलिए FASTag अपनाएं... और देशहित में अपना योगदान दें...

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी